खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शनिवार 21 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 134 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 1 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# अमेरिकी F-35 विमान पर इतिहास में पहला हमला: ईरान



■ IRGC का दावा: विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना, यूएस ने की आपात लैंडिंग की पुष्टि

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की आईआरजीसी ने गुरुवार को सुबह 2:50 बजे मध्य ईरान के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया।

आईआरजीसी के अनुसार, विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना है। दूसरी तरफ, सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद एक एफ-35 विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने पुष्टि की कि विमान ईरान के ऊपर एक मिशन पर था। उन्होंने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया है और पायलट की हालत स्थिर है। फिलहाल इस घटना की जांच चल रही है। बता दें कि एफ-35 दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। अगर ईरान का यह दावा पूरी तरह सच साबित होता है, तो यह इस युद्ध की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। ब्लूमबर्ग और सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ है। पहली बार किसी देश ने एफ-35 लाइटनिंग 2 विमान पर हमला किया। युद्ध की शुरुआत से अब तक अमेरिका के 16 सैन्य विमान नष्ट। करोड़ों की लागत वाले ड्रोन, रडार और रिफ्यूलिंग टैंकर भी हुए हैं तबाह। युद्ध की शुरुआत से अब तक 10 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी नष्ट। ईरान ने यह भी दावा किया है उसने युद्ध की शुरुआत से अब तक यूएस-इजरायल के 125 से ज्यादा ड्रोन भी ढेर किए हैं। इस युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना को कुछ और नुकसान भी उठाने पड़े हैं।

## इजरायली हमले में आईआरजीसी प्रवक्ता और खुफिया मंत्री की मौत

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी एक भीषण हमले में मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजरायल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। इतना ही नहीं, अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई।

# उत्तराखंड में धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, 5 विधायक बने मंत्री

■ लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**देहरादून।** नवरात्रि के दूसरे दिन उत्तराखंड की धामी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। लोक भवन में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित समारोह में नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड सरकार के मंत्रिपरिषद के नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विधायक खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा एवं राम सिंह कैड़ा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या, गणेश जोशी एवं सौरभ बहुगुणा, सांसद महेन्द्र भट्ट और नरेश बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन -शेष पृष्ठ दो पर

### संक्षिप्त समाचार

#### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति के मामले की सुनवाई से सीजेआई हुए अलग

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को चुनाव आयोग नियुक्ति कानून से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि मुझ पर हितों के टकराव का आरोप लग सकता है। यहां हितों का टकराव है। उस समय उनके साथ जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली भी बेंच में मौजूद थे। यह बेंच उन जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें 2023 के उस कानून को चुनौती दी गई है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति से सीजेआई को हटा दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने भी सीजेआई की इस बात का समर्थन किया। उन्होंने सुझाव दिया कि मामले को ऐसी बेंच के सामने रखा जाए, जिसमें कोई संभावित सीजेआई न हो, ताकि पक्षपात की आशंका न रहे। इस सुझाव को स्वीकार करते हुए सीजेआई ने निर्देश दिया कि यह मामला 7 अप्रैल को दूसरी बेंच के सामने सूचीबद्ध किया जाए। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक समिति करेगी।

#### यूपी, बिहार समेत 12 राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में मौसम बदला हुआ है। मार्च के महीने में जहां पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बर्फबारी हो रही है। वहीं मैदानी इलाकों राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी और बिहार में तेज बारिश के साथ-साथ ओले गिर रहे हैं। मौसम में बदलाव की वजह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का बदला हुआ आकार है। आमतौर पर यह सिस्टम कर्व्ड (मुड़ा हुआ) होता है। इस बार यह सीधी लाइन में है। यह रेन बैंड 1000 किमी लंबा है। अफगानिस्तान से पाकिस्तान और इंडिया तक इसका असर है। दरअसल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिम से आने वाला बादलों का एक सिस्टम होता है। जो सर्दियों में उत्तर भारत में बारिश और बर्फबारी कराता है।

#### यूपी में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति फिर टली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति प्रक्रिया एक बार फिर अटक गई है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने राज्य सरकार द्वारा भेजे गए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के पैनल को आपत्तियों के साथ वापस कर दिया है। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने पात्रता और प्रक्रिया संबंधी मानकों के पालन पर सवाल उठाते हुए फाइल को संशोधन के लिए लौटाया है।

# घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

## केंद्र सरकार ने एलपीजी संकट पर दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें।

इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है। 13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई -शेष पृष्ठ दो पर



■ देश की सारी रिफाइनरी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं, खाड़ी देशों में फंसे भारतीय जहाज और नाविक पूरी तरह सुरक्षित

### प्रीमियम पेट्रोल दो व औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में प्रीमियम 95-आक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये से बढ़कर 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, दिल्ली में थोक औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये से बढ़कर 109.59 रुपये प्रति लीटर हो गईं। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार, 19 मार्च 2026 को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, बाद में ये लगभग 108 डॉलर प्रति बैरल पर वापस आ गईं।

### सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

**नई दिल्ली।** सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिये बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है। सरकार का दावा है कि यह कदम डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था।







### इलाज के लिए ताहिर हुसैन को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ताहिर हुसैन ने कड़कड़डूमा कोर्ट में याचिका दायर कर इनगुइनल हर्निया का हवाला दिया था। उन्हें जल्द सर्जरी और विशेष देखभाल की आवश्यकता है। संक्रमण से बचाव व रिकवरी के लिए जेल से बाहर रहना जरूरी बताया गया। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को हुसैन की सर्जरी के बाद अस्पताल व जेल दोनों जगह पूरी देखभाल सुनिश्चित करने का आदेश दिया। यह आदेश अंतरिम जमानत की अर्जी पर आया है। 2020 फरवरी में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी।

# पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है: सुप्रीम कोर्ट

**खाना नहीं बनाती, तो क्रूरता नहीं, पति भी बराबर की जिम्मेदारी निभाए, पत्नी बोली- ससुराल पक्ष ने कैश-गोल्ड मांगा**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा कि 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।' जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा कि अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी।

जस्टिस मेहता ने कहा कि आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा कि आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। पहले भी इस केस को मेडिएशन में भेजा गया था, लेकिन समझौता नहीं हो सका। वहीं, मामले में फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने फैसला रद्द किया। बाद में पति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। दरअसल, इस मामले में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की थी। उसका कहना था कि शादी के एक हफ्ते बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। उसने आरोप लगाया कि पत्नी गाली देती थी, खाना नहीं बनाती थी और बच्चे के जन्म के बाद उसे पालना समारोह में नहीं बुलाया।

### सुजॉय घोष के खिलाफ नहीं होगा कॉपीराइट केस: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निर्देशक सुजॉय घोष को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। सुजॉय घोष ने अपनी फिल्म 'कहानी 2 : दुर्गा रानी सिंह' की पटकथा चोरी होने के आरोपों के खिलाफ याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने झारखंड के हजारीबाग स्थित निचली अदालत में लंबित इस कार्यवाही को पूरी तरह समाप्त करने का आदेश दिया है। हजारीबाग के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने शिकायत दर्ज करा कर आरोप लगाया था कि विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'कहानी' का सीक्वल 'कहानी 2' ने उनकी 'सबक' नामक पटकथा का कॉपीराइट उल्लंघन किया है। झारखंड की एक निचली अदालत ने कॉपीराइट अधिनियम के तहत प्रथम दृष्ट्या मामला पाया और समन जारी किया था।












## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमांडो का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में तैनात कमांडो का शव शुक्रवार को उनके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के गंगानगर राजापुर स्थित मकान में रह रहे कमांडो कृपाल सिंह (29) का कमरा अंदर से बंद था। मकान मालिक ने सुबह खिड़की से झांककर उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, कृपाल सिंह आखिरी बार 18 मार्च की रात ड्यूटी से लौटने के बाद देखे गए थे। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कृपाल सिंह फिरोजाबाद जिले के निवासी थे और 2019 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में कमांडो के रूप में तैनात थे।


### मीरवाइज उमर फारूक लगातार तीसरे शुक्रवार नजरबंद

**श्रीनगर।** कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक बार फिर घर में नजरबंद कर दिया गया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शुक्रवार का उपदेश द्धखुतबाऋ नहीं दे सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में दावा करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें इस तरह की पाबंदी का सामना करना पड़ा है। उनके घर के बाहर पुलिस वाहनों और सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी गई और गलियों को कटीले तारों से बंद कर दिया गया। उन्होंने इस कार्रवाई को शासकों की घबराहट का प्रतीक बताया।

## आंधी और बारिश से यूपी में मौसम हुआ सुहाना, किसानों की चिंता बढ़ी

# फसलों को नुकसान होने की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जौनपुर और प्रयागराज जिले में बिजली गिरने से एक युवक और किसान की मौत हो गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवा और बारिश से बढ़ते तापमान में फौरी ब्रेक लगा है वहीं मौसम के इस बदलाव के चलते खेत खलिहान में पकी पड़ी फसल के नुकसान की भी संभावना गहरा गई है और अन्नदाताओं की चिंता में इजाफा हुआ है।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र ने उत्तर प्रदेश में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए 20-21 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और तेज झोंकेदार हवाएं (50-60 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 7.9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में वज्रपात, तेज हवाओं और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। 21 मार्च को भी कुछ स्थानों पर मौसम सक्रिय रहेगा, जबकि 22 मार्च से मौसम शुष्क होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों में रहने, पेड़ों के नीचे आश्रय न लेने और बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। किसानों को पकी फसल की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखने और खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है। इस बीच मथुरा, आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और भदोही समेत कई स्थानों पर आंधी बारिश से फसल प्रभावित होने की सूचना है वहीं वर्षाजनित हादसों में कम से कम चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि कुछ मवेशी भी हताहत हुए हैं। जौनपुर जिले में मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोलनापुर में आज सुबह बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अजीत चौहान (9) आज सुबह घर से शौच के लिए बाहर गया था, तभी खुले मैदान में उस पर वज्रपात हुआ। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज के बहादुरपुर के चकिया घराहरा गांव में बिजली गिरने से किसान संग्राम सिंह (60) की मौत हो गई।

### गर्मी से राहत, तो हवा से परेशानी

कानपुर के रावतपुर क्षेत्र में दीवार गिरने से एक मासूम गंभीर रुप से घायल हो गई। राजधानी लखनऊ में सुबह की शुरुआत धूप के साथ हुई, लेकिन करीब 9 बजे के बाद अचानक घने काले बादलों ने आसमान को ढक लिया। कुछ ही देर में अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस अचानक बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं सुबह घर से निकले लोग बारिश और तेज हवा के कारण परेशान भी नजर आए। जालौन,हमीरपुर में भी आंधी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश से गिरी गेहूं की फसल के साथ सरसों, चना, मटर, मसूर व आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। कानपुर की सुबह शुक्रवार को आसमान से घिरे बादलों और हल्की फुहारों से हुई। मौसम में आए बदलाव से लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास हुआ।

## देशविरोधी बड़ी साजिश का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

कौशांबी, वार्ता

■ देश के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी भेजते थे विदेश, सीसीटीवी व ओटीपी से चल रहा था जासूसी रैकेट

देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। यूपी के थाना कौशांबी पुलिस और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा ठिकानों की गोपनीय जानकारी विदेश में बैठे लोगों तक पहुंचा रहा था। इस मामले में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 5 नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 9 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड और 2 सीसीटीवी कैमरे बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली सूचना के अनुसार ये युवक रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण जगहों के वीडियो बनाकर विदेश में बैठे लोगों को भेज रहे थे। इतना ही नहीं, ये लोग पैसों का लालच देकर अन्य युवाओं को भी इस काम में शामिल कर रहे थे। इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने थाना कौशांबी में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें बीएनएस की धारा 61(2)/152 और ऑफिशियल एक्ट की धारा 3/5 के तहत केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया। इनके मोबाइल फोन की जांच में कई आपत्तिजनक वीडियो, फोटो और महत्वपूर्ण लोकेशन मिलीं, जो सीधे तौर पर देश की सुरक्षा से जुड़ी थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया। गिरोह के मुख्य हैंडलर सुहैल मलिक, नौशाद अली और समीर उर्फ शूटर हैं। इनके इशारे पर भारत के अलग-अलग इलाकों में मौजूद आरोपी रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी करते थे और वहां की फोटो, वीडियो और जीपीएस लोकेशन विदेश भेजते थे। 20 मार्च 2026 को एसआईटी ने आगे कार्रवाई करते हुए 9 और को गिरफ्तार किया।

## दंपति ने बेटे संग खाया जहर मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लखनऊ की घटना सुसाइड नोट छोड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के नींवा गांव में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की घटना सामने आई है। हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची तो रूपनारायण चौरसिया (55), उनकी पत्नी तारावती (लगभग 50 वर्ष) और पुत्र संदीप चौरसिया (30) अचेत अवस्था में मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने तारावती और संदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि रूपनारायण का इलाज जारी है। छोटे बेटे कुलदीप ने बताया कि गुरुवार रात सभी ने खाना नहीं खाया और अपने कमरे में चले गए। तड़के आवाज सुनकर जब वह उठा, तो पिता को उल्टियां करते पाया और कमरे में मां व भाई बेसुध पड़े मिले। परिजनों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस जांच में मृतक संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है कि अपनी मौत के जिम्मेदार केवल हम हैं। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों के अनुसार, किसी बड़े कर्ज या विवाद की जानकारी नहीं है, हालांकि घर पर कुछ अज्ञात लोगों के आने की बात सामने आई है।

## बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

### पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि मुनाफाखोरी: तिवारी

नई दिल्ली, वार्ता



वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है।

तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रूपए से ज्यादा की बढ़ोतरी करना जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता, तो उसे मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता, लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं। अमेरिका - इजरायल और ईरान में चल रहे संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच भारत में प्रीमियम पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी की गई है। प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2 से 2.35 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। सामान्य पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### व्यापार समझौते के खिलाफ सत्याग्रह युकां

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने एआई सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में किए अपने प्रदर्शन को उचित करार देते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पीएम मोदी का आत्मसमर्पण है और युवा संगठन इस समझौते के खिलाफ पूरे देश में सत्याग्रह करेगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब व संगठन के प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा कि भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में हिरासत में लिए गए उनके सभी सहयोगियों को रिहा कर दिया गया है। युवा कांग्रेस अमेरिका के साथ हुए समझौते के खिलाफ दिल्ली के साथ ही सभी प्रदेशों के मुख्यालयों, मंडल, जिला और ब्लाक स्तर पर आंदोलन करेंगे।

## सपा की महिला विग ने गैस सिलेंडर की 'अर्थी' निकालकर जताया विरोध

**लखनऊ।** महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सपा की महिला विग की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैसरबाग स्थित पार्टी मुख्यालय पर अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गैस सिलेंडर को 'शव' मानते हुए उसकी अर्थी निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर को सफेद कपड़े ओढ़ाकर उसके चारों ओर बैठकर विलाप किया। महिलाएं छाती पीटते हुए कह रही थीं 'अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे, सिलेंडर हमें छोड़कर चला गया, अब हम क्या करेंगे। इस भावनात्मक अंदाज में उन्होंने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की समस्या को उजागर किया। कुछ महिलाएं हाथों में पोस्टर और खाली बर्तन लेकर पहुंचीं थी, जिन पर लिखा था 'महंगी गैस, महंगा तेल-मोदी योगी दोनों फेल'। सपा कार्यालय से निकलकर सड़कों पर उतरीं कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया 'मोदी तेरे सरकार में, कटोरा हमारे हाथ में'।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 74532.96
निफ्टी 23114.50

सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 234000
प्रति किलो

## शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूत

मुंबई, वार्ता



पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में कम कीमतों पर हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 74,532.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत ऊपर 23,114.50 अंक पर पहुंच गया। बाजार में गुरुवार को भारी बिकवाली देखी गई थी और दोनों सूचकांक सवा तीन प्रतिशत के करीब टूटे थे। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,079 अंक चढ़ गया था, लेकिन बाद में इसकी तेजी सीमित रह गई। मझौली और छोटी कंपनियों में भी आज तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.09 प्रतिशत चढ़ा। आईटी, सरकारी बैंकों, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य और ऑटो सेक्टरों में अच्छी मजबूती रही। बैंकिंग, निजी बैंक, रियलटी और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक गिर गए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इंफोसिस, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच मजबूत हुए। टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी ऊपर रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर लगभग ढाई प्रतिशत टूट गया।

## सोना सस्ता, चांदी बढ़कर 2.34 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 549 रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 3,727 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर आ गई है। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 8 दिन में 12,963 और चांदी 34,701 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 28,781 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 50 दिन में चांदी 1.52 लाख रुपए सस्ती हो गई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

## चावल, गेहूं मजबूत, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं में भी मजबूती रही जबकि चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 49 रुपये बढ़कर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 36 रुपये महंगा हुआ और 2,818 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 31 रुपये बढ़ गई। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये और मसूर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 41 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 65.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 267 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंगफली तेल 127 रुपये और वनस्पति 125 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 96 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 160 रुपये और सरसों तेल 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं, चीनी 11 रुपये सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया। लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले देहरादून की राजपुर रोड विधानसभा से विधायक खजान दास ने शपथ ग्रहण की। उनके बाद रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार शहर से विधायक मदन कौशिक, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा व भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शपथ ग्रहण की। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया है।ऐसे में अब धामी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। उत्तराखंड राज्य में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धामी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिये क्षेत्रीय, जातीय और महिला- युवा संतुलन साधने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से ही मंत्रिमंडल के कई पद खाली चल रहे थे, जिसके बाद से ही समय समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चलती रही है। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को चार साल पूरा होने से ठीक तीन दिन पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया गया है। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

**घरेलू एलपीजी..**

है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है।

न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है। प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दुनिया के पांच नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वार्ताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया।

## गंगा में बिरयानी पार्टी करने वाले 14 युवकों की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान बिरयानी खाकर उसके अवशेष नदी में फेंकने के मामले में 14 आरोपियों को गुरुवार देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नवम अमित यादव की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की और उसे खारिज कर दिया। सभी 14 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष तथा वादी पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों पर अदालत ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थाने से तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत की गई है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास को मंगवाया है। आरोपियों ने न केवल मां गंगा को अपवित्र करने का कार्य किया, बल्कि नाविक भाइयों को जबरदस्ती धमकाकर साथ ले गए। मना करने पर वे नहीं माने और जान से मारने की धमकी देकर नाव पर कब्जा कर लिया। अब अदालत में रो रहे हैं और पश्चाताप जता रहे हैं, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है। अधिवक्ता नित्यानंद राय ने बताया कि मामले का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ नाविक रंजन साहनी और अनिल साहनी के बयान रहे, जो विवेचक द्वारा दर्ज किए गए थे। कोर्ट को बताया गया कि नाविकों की इच्छा के विपरीत नाव को जबरदस्ती ले जाया गया।

## ब्रज की धरा पर राष्ट्रपति मुर्मू भक्ति रस से हुई सराबोर

शाह टाइम्स संवाददाता



■ स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना का उद्घाटन किया

**मथुरा।** कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आईं। वृंदावन पहुंचीं श्रीमती मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने महाराज श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की अनूठी भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण की आवश्यकता और समाज सेवा के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। भेंट के अंत में महाराज श्री ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट किया। इसके पश्चात राष्ट्रपति मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और आश्रम के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति ने यहां नवनिर्मित 'ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का लोकार्पण किया, जो क्षेत्र में कैंसर के मरीजों के लिए बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने देश की समृद्ध सांस्कृतिक और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने में मिशनरी संस्थाओं की भूमिका को सराहा। दौरे के अगले चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व प्रसिद्ध नीब करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंदिर की परिक्रमा की।

# इको-टूरिज्म विकास से बदलेगी दुधवा की तस्वीर: जयवीर सिंह

## अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर दुधवा को बूस्ट: 8.79 करोड़ से इको-टूरिज्म को नई रफ्तार, बनेगा वर्ल्ड क्लास हब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च) के मौके पर उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई रफ्तार देने की तैयारी तेज हो गई है। तराई की हरियाली और समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध दुधवा नेशनल पार्क अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है।

लखीमपुर खीरी के पलिया स्थित दुधवा में इंटरप्रिटेशन सेंटर के इको पर्यटन विकास, महेशपुर वन रेंज में इको-टूरिज्म विकास और दिल्ली-एनसीआर व लखनऊ से आने वाले राजमार्गो पर साइनेज लगाने के लिए 8.79 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी की गई है। यह कदम दुधवा को विश्वस्तरीय पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम होगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस- 2026 की थीम श्वन और अर्थव्यवस्थाएं' है। यह थीम स्पष्ट तौर पर प्रदेश के वन क्षेत्र को पर्यावरण तक सीमित न रखते हुए, रोजगार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड नवाचार की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। इस पहल से जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी, वहीं पर्यटन विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। लखीमपुर खीरी के पलिया स्थित दुधवा नेशनल पार्क के इंटरप्रिटेशन सेंटर का इको पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके लिए करीब 4.49 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी मिल चुकी है, जिसमें से 3.36 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी कर दी गई है। योजना के तहत यहां एक भव्य और आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार बनाया जाएगा, जो दुधवा की थीम को दर्शाएगा। इसके अलावा स्वागत कक्ष, नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर, कैंटीन, बहुउद्देशीय सभागार और पुस्तकालय का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। खास बात यह है कि यहां थारू जनजाति और उनके परिवेश पर आधारित आकर्षक सेल्फी प्वाइंट का निर्माण किया जाएगा, जिससे पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। वहीं, लखीमपुर खीरी के महेशपुर वन रेंज को इको-टूरिज्म के तौर पर विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इस परियोजना के लिए करीब 2.39 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है, जिसमें से लगभग 1.78 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी भी कर दी गई है। योजना अंतर्गत पर्यटकों की सुविधा और आकर्षण को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। यहां पेयजल की सुविधा, पेड़ों के नीचे बैठने के लिए विशेष इंतजाम, गजीबो का निर्माण और वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, इंटरलॉकिंग पाथवे, जानवरों की 3क आकृतियां और सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे। साथ ही, बेंच, एलईडी लैंप से लैस स्ट्रीट पोल और सोलर स्ट्रीट लाइट्स भी लगाई जाएगी, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और सुविधाएं दोनों बढ़ेंगी। इसी प्रकार, दिल्ली-एनसीआर और लखनऊ से दुधवा नेशनल पार्क जाने वाले राजमार्गों पर साइनेज (संकेतक बोर्ड) लगाए जाएंगे, जिससे पर्यटकों को रास्ता ढूंढने में आसानी होगी। सरकार द्वारा करीब 4.88 करोड़ रुपए की स्वीख्रत योजना के लिए 3.65 करोड़ रुपए जारी की जा चुकी है। साइनेज लगने से विशेषकर दिल्ली-एनसीआर और राजधानी लखनऊ से आने वाले पर्यटकों को काफी राहत मिलेगी। अक्सर बाहरी राज्यों से आने वाले लोग रास्तों को लेकर भ्रमित हो जाते हैं, ऐसे में ये संकेतक उनकी यात्रा को आसान और सुगम बनाएंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्दुधवा नेशनल पार्क और महेशपुर वन रेंज में विकसित हो रही आधुनिक सुविधाएं, इंटरप्रिटेशन सेंटर का उन्नयन और प्रमुख मार्गों पर साइनेज की व्यवस्था पर्यटकों को विशेष अनुभव प्रदान करेगी। पर्यटन विकास योजनाएं प्रदेश को विश्व स्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौरीगंज अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई।



बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामप्रसाद द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों की समन्वयता के साथ संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम/दस्तक अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में आम जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ वेक्टर वार्न डिजीज सहित अन्य संचारी रोगों की स्थिति, बचाव, उपचार के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संचारी रागों पर नियत्रंण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी सम्बंधित विभागों को ग्रामीण स्तर पर ग्रास रूट लेवल पर कार्य करने की जरूरत है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दिनांक 10 से 30 अप्रैल 2026 तक चलाये जाने वाले दस्तक अभियान के तहत ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकत्री, ए0एन0एम0 द्वारा घर-घर जाकर ए0ई0/जे0ई0/बुखार रोगियों को चिन्हित करना एवं उनको तेज बुखार होने पर 102/108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी सीएचसी/पीएचसी पर भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर टीम दस्तक देगी और सभी घरों के कूलर, पुराने टूटे बर्तन, मिटटी के गमले, पॉटस, टायर, फीज के पीछे की ट्रे, पानी स्टोर के बर्तन आदि को चेक करेंगी। जिलाधिकारी ने जनपद में संचारी रोग नियत्रंण अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत कृषि, पशुपालन, नगरीय निकाय, पंचायतीराज सहित सम्बंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वयता बना कर अपने विभागीय कार्यो एवं उत्तरदायित्वों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पादित करने के निर्देश दिए।

## आर्गेनिक खाद से बढ़ेगी धान की उपज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** नवाबगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत में किसान राजदेव तिवारी लोहराडाड़ के खेत में साईं क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सीड टू सीड प्रोग्राम के तहत धान की फसल में हार्वेस्टिंग मीटिंग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साईं पावर प्लस और ग्रीन गोल्ड आर्गेनिक खाद और रासायनिक खाद के प्रयोग करने पर तुलना में आर्गेनिक खाद के अच्छे परिणाम देखने को मिले।लोहराडाड़ में धान की फसल में कटाई के बाद पैदावार का मानक निकलने पर पैदावार 8 कुंतल दर्ज की गई। इस खेत में ग्रीन गोल्ड और साईं पावर प्लस प्रयोग किया गया था। जिससे अधिक पैदावार रही।आर्गेनिक खाद वाले खेत में धान के बाली की लम्बाई व वजन अधिक रही। तथा जिस खेत में रासायनिक खाद का उपयोग किए थे। उसमें धान के बाली की लम्बाई व कल्लो की संख्या कम थी। आर एम राजेश मणि त्रिपाठी ने बताया साईं पावर प्लस और ग्रीन गोल्ड आर्गेनिक खाद का उपयोग करने से धान में कल्लो की संख्या अधिक, बाली की लम्बाई व वजन अधिक प्राप्त होती है । किसानों के सामने नाप तौल करने पर प्रति एकड़ 8 कुंतल अधिक उत्पादन प्राप्त किया गया। सेल्स आफिसर राम आशीष पांडेय ने बताया आर्गेनिक खाद के प्रयोग से खेतों की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। किसानों के संगोष्ठी में फील्ड आफिसर अचिन तिवारी ने किसानों द्वारा साईं प्लस, ग्रीन गोल्ड के प्रयोग के बेहतर परिणाम देखने को मिले जो आप सभी के सामने हैंआर्गेनिक खाद के प्रयोग से मिट्टी की उत्पादन क्षमता बढ़ती है।

# उप्र सौर ऊर्जा निवेश का केंद्र बनने की ओर अग्रसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर प्रदेश एनर्जी एक्सपो (यूपीइएक्स) 2026के लिए प्री-इवेंट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को विकास भवन, प्रयागराज में किया गया। इस पहल का आयोजन यूपी स्टेट चौप्टर पीएचडी चौम्बर ऑफ कॉमर्स और फर्स्टव्यू द्वारा, यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण), उत्तर प्रदेश सरकार तथा सेवा(एसइवीए) के सहयोग से, केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के समर्थन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य फोकस 'पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना' पर रहा, जिसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लेकर सौर ऊर्जा क्षेत्र में उभरते अवसरों, नीतिगत ढांचे और राज्य में बढ़ती संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हर्षिका सिंह, आइएएस, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ने कहा कि राज्य के सतत विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना एवं पीएम-कुसुम योजना जैसे प्रमुख प्रयास घरों, किसानों और उद्योगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो रही है। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए यू.पी. त्रिपाठी, कॉन्फ्रेंस सह-संयोजक, यूपी एक्स 2026 ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश एनर्जी एक्सपो 2026 का आयोजन 7 से 9 मई 2026 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय एक्सपो में देश-विदेश से 150 से अधिक प्रदर्शक और 60 से अधिक वक्ता भाग लेंगे, जो 10 थीमैटिक सत्रों के माध्यम से तकनीक, नीति और निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे। गोपाल कुशवाहा, जिला विकास अधिकारी, प्रयागराज ने जमीनी स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। विनय कुमार टंडन, अध्यक्ष, पूर्वी उत्तर प्रदेश चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि सौर ऊर्जा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का एक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने बताया कि यूपी एक्स 2026 में यूपी ईवी एक्सपो, यूपी स्मार्ट ग्रिड एक्सपो और यूपी स्टोरेज एक्सपो जैसे विशेष खंड भी शामिल होंगे। सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कोमिल द्विवेदी, परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा यूपीएनइडीए (प्रयागराज) ने पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना और पीएम-कुसुम योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा अपनाने में अग्रणी राज्य बन सकता है। इस अवसर पर प्रशांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक, सेल्स एवं मार्केटिंग, केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वाराणसी) ने भी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ते अवसरों पर अपने विचार साझा किए।वैभव खरे, वरिष्ठ अधिकारी, एमएसएमई क्थ्व् (प्रयागराज) ने कहा कि यह एक्सपो राज्य में सौर ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा और इससे सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रेजिडेंट ऑफिसर यूपी स्टेट चौप्टर पीएचडी चौम्बर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि यूपी एक्स 2026 का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

## मां कामाख्या देवी मन्दिर पहुंच अमेठी सांसद ने किया दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाजार शुकुल, अमेठी।** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बीते गुरुवार की शाम बाजार शुकुल क्षेत्र में पहुंचकर जहां क्षेत्र के कई गांवों में दिवंगतों के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त की वहीं क्षेत्र के पंही मांझगांव स्थित पौराणिक मां कामाख्या देवी मन्दिर पहुंचकर पूजन अर्चन दर्शन कर मत्था टेककर आशीर्वाद भी लिया। साथ ही सांसद श्री शर्मा ने मां कामाख्या देवी मन्दिर पर चल रही संगीतमई श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ का आशीर्वाद लेकर श्रीमद भागवत कथा का रसपान भी किया मन्दिर में पुजारी व कथावाचक पण्डित सुरेन्द्र शर्मा, मन्दिर पुजारी बाबादीन भी रहे।इस दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर बातचीत कर कुशल क्षेम भी जाना।

# धर्मेंद्र सिंह अध्यक्ष, सुजीत कुमार आर्य महामंत्री निर्वाचित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक आम चुनाव 2026 महासंघ कार्यालय जवाहर भवन लखनऊ में हुआ संपन्न। सुशील कुमार बच्चा चुनाव अधिकारी डी के मिश्रा सहायक चुनाव अधिकारी देख रेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर चुनाव हुआ और साथ ही सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए चुनाव अधिकारी सुशील कुमार बच्चा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह महामंत्री सुजीत कुमार आर्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कमल दास उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह कण्डारी कोषाध्यक्ष विमल कुमार वर्मा संयुक्त मंत्री सलमान खान व सुरेश कुमार संगठन मंत्री अरुण कुमार निगम व पान सिंह बिष्ट प्रचार मंत्री राम संजीवन व मोहम्मद आशिक व कार्यकारिणी सदस्यों में सुधीर गुप्ता विम्मी बाजपेई सिद्दीकी अकबर उदय सिंह रावत व मदन सिंह बिष्ट हुए निर्वाचित। चुनाव कार्यक्रम में मुख्य रूप से जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे उपाध्यक्ष आकिल सईद बब्लू ने अभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# गर्भवती महिलाओं के बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय सभागार में उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) के उपचार एवं प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने की। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जनपद स्तर पर चिकित्सकों का यह विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विभिन्न ब्लॉकों में तैनात चिकित्सा अधिकारियों को हाई रिस्क (उच्च जोखिम) गर्भवती महिलाओं की पहचान (एचआरपी चिन्हीकरण), समय पर उपचार, समुचित प्रबंधन एवं रेफरल सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे जमीनी स्तर पर गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सकेगी। इससे समय रहते जटिलताओं की पहचान कर उचित उपचार संभव हो पाएगा और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।

प्रशिक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) की पहचान एवं उपचार, संतुलित आहार एवं पोषण संबंधी परामर्श, प्रसव पूर्व आवश्यक जांच (एएनसी चेकअप), सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जटिल मामलों के प्रबंधन एवं समय पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों को रेफर करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा की गई। यह प्रशिक्षण राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों डॉ यामिनी बादल एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना कुमारी व डॉ प्रमोद वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ अमित सिंह, डीपीएम अनिल यादव, डीएमएचसी लल्ला सिंह, जिला विशेषज्ञ (सामुदायिक स्वास्थ्य) अंशुमान पांडे सहित आईआईएचएमआर के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ पुनीत सिंह पाल एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि हर गर्भवती महिला को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण, खिले चेहरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** जनप्रिय सांसद माननीय किशोरी लाल शर्मा जी की पहल पर आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर (18, 19, 20 मार्च 2026) ने अमेठी में जनसेवा का नया कीर्तिमान स्थापित किया।



इस व्यापक अभियान के तहत अमेठी संसदीय क्षेत्र के लगभग 1000 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र (कान मशीन), बैसाखी, छड़ी एवं कृत्रिम हाथ-पैर प्रमुख रूप से शामिल रहे। शिव महेश शैक्षिक संस्थान, गौरीगंज के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल सहित जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ भागीदारी निभाई। वहीं, सांसद जी की धर्मपत्नी श्रीमती किरन बाला शर्मा भी तीनों दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं और दिव्यांगजनों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे आयोजन को और अधिक मानवीय स्पर्श मिला। समापन अवसर पर सांसद श्री शर्मा ने स्पष्ट कहा कि यह आयोजन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि शुद्ध जनसेवा की भावना से प्रेरित है। उन्होंने गांधी-नेहरू परिवार की सेवा, त्याग और मानवता की विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि वे इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अमेठी में निरंतर जनकल्याण के कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, भोलानाथ त्रिपाठी, प्रवक्ता अनिल सिंह, राजीव सिंह, ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, अर्जुन पासी, रामबरन कश्यप,सुनील सिंह, अनुपम पांडेय, कमलाकर मिश्र, राम लखन शुक्ला, अशोक श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, सर्वेश सिंह, शुभम सिंह, सुमित तिवारी, गीता सिंह, श्रद्धा सिंहजगन्नाथ यादव, पुष्पा दुवे, मनोज कश्यप, दयाराम सोनी, सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप, दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज में कार व नकदी की मांग कर प्रताड़ित करने, मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मऊ निवासी सुबेका पुत्री रिफाकत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 21 नवंबर 2022 को हरदोई जनपद के सराय सुल्तान निवासी मारूफ पठान के साथ हुई थी।

शादी में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार खर्च व उपहार दिए थे, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए।

आरोप है कि पति, ससुर इस्तियाक, सास रिहाना, देवर मुर्तजा आदि दहेज में चार पहिया वाहन व दो लाख रुपये की मांग करते हुए उसे लगातार प्रताड़ित करने लगे।

विवाहिता का आरोप है कि देवर उस पर गलत संबंध बनाने का दबाव बनाता था और विरोध करने पर मारपीट करता था। साथ ही पति व अन्य लोग भी उसे धमकाते रहे। पीड़िता ने कई बार जान बचाकर मायके आने की बात भी कही है।

# ईद का त्योहार सादगी, शांति व भाईचारे के साथ मनाएं: निजामुद्दीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष निजामुद्दीन खान ने पावन पर्व ईद के अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को दिली मुबारकबाद और हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि ईद का पवित्र पर्व त्याग, तपस्या, प्रेम, भाईचारे और इंसानियत की सर्वोच्च भावना का प्रतीक है। यह त्योहार हमें यह संदेश देता है कि हम अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े हों तथा उनके जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ईद केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ प्रेम, सम्मान और सहयोग की भावना से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। निजामुद्दीन खान ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ईद के इस पावन अवसर को पूरी सादगी, शांति और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों, वैमनस्य और सामाजिक विभाजन से दूर रहें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे समाज में सकारात्मक माहौल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और एकता एवं सद्भाव का संदेश फैलाएं। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में देश जिन सामाजिक, आर्थिक और नैतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे पावन पर्व हमें यह याद दिलाते हैं कि हमारी असली ताकत हमारी विविधता में निहित एकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन एवं आमजन से भी अपील की कि ईद के अवसर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि लोग सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में इस पर्व को मना सकें। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना ही एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला है।


**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# शराब दुकान पर पकड़ा ओवररेटिंग का खेल

## 75 की जगह 85 में बिक रहा था टेट्रा पैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सब्जी मंडी स्थित देशी शराब की दुकान पर ओवररेटिंग का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। शासन स्तर से कराई गई गोपनीय टेस्ट परचेजिंग में दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलते हुए शराब बेची जा रही थी। मामले में आबकारी विभाग की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आबकारी निरीक्षक धनौरा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी आयुक्त कार्यालय के निर्देश पर 30 जनवरी को क्षेत्र की दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेजिंग कराई गई थी। इस दौरान सब्जी मंडी स्थित देशी शराब की दुकान पर 75 रुपये का टेट्रा पैक 85 रुपये में बेचा जाता पाया गया। तहरीर में कहा गया कि यह कृत्य लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्धारित है कि किसी भी मदिरा को अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक पर नहीं बेचा जा सकता। आरोप है कि दुकान के अनुज्ञापी अजीत पुत्र नरेशचंद्र निवासी कराहाट उर्फ रामहाट कैलसा, अमरोहा द्वारा ग्राहकों से अधिक वसूली कर आर्थिक शोषण किया जा रहा था। मामले को गंभीर मानते हुए आबकारी विभाग ने इसे उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 64 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) का उल्लंघन माना है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सैदनगली में किन्नर के घर से लाखों की चोरी

## चोरों ने दिनदहाड़े दिया वारदात को अंजाम, पांच तोले सोने व एक लाख की नकदी समेत कीमती सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर के मोहल्ला जामा मस्जिद में एक किन्नर के घर दिनदहाड़े बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी नन्ही किन्नर अपनी टीम के साथ संभल स्थित एक परिचित के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। घर बंद होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने मुख्य गेट और कमरों के ताले तोड़ दिए। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे जब नन्ही किन्नर वापस लौटीं तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। गेट और कमरों के ताले टूटे पड़े थे और अंदर अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित के मुताबिक चोर करीब 5 तोला सोना और लगभग एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए जेवरात में सोने की झुमकी, अंगूठी, पेंडल, झाले समेत अन्य कीमती सामान शामिल हैं। पीड़ित का



कहना है कि चोरी गया सामान उनकी कई सालों की मेहनत की कमाई था, जिसके चले जाने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। साथ ही मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक संदिग्ध युवक चोरी की वारदात को अंजाम देता हुआ दिखाई दिया है। हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस फुटेज के आधार पर उसकी तलाश में जुट गई है। घटना के बाद से मोहल्ला जामा मस्जिद समेत आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें संदिग्ध की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है और तकनीकी साक्ष्यों को भी जुटाया जा रहा है, ताकि घटना का शीघ्र खुलासा किया जा सके।

# गीतांश ने गणित प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के लिए कक्षा 9 के छात्र गीतांश चौधरी ने सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2025 प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर के प्रतिभागियों में टॉप 100 अचीवर्स में स्थान प्राप्त किया

### एसआरएस स्कूल में आयोजित हुआ सम्मान समारोह



है। विशेष बात यह है कि वह अपने जिले से इस उपलब्धि को हासिल करने वाले एकमात्र छात्र हैं।

इस उपलब्धि के लिए गीतांश चौधरी को सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जो विद्यालय में प्राप्त हुआ। साथ ही विद्यालय की ओर से उन्हें एक शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र सिंह, निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी एवं विद्यालय समन्वयक साक्षी सिंह ने संयुक्त रूप से छात्र को सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र प्रत्येक वर्ष विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। कहा कि हमारे विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहे।

# बारिश के चलते पूरा दिन गायब रही जोया की बिजली

## रोजेदारों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** शुक्रवार को लगातार हुई बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। पूरे दिन बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अलविदा जुम्मा होने के कारण रोजेदारों के लिए दिन और भी चुनौतीपूर्ण बन गया।

सुबह से हो रही बारिश के चलते कस्बे में सुबह सात बजे से लेकर शाम तक बिजली के दर्शन नहीं हुए। बिजली न होने से जहां एक ओर घरों में अंधेरा छाया रहा, वहीं दूसरी ओर पानी की सप्लाई भी पूरी तरह बाधित रही। इससे रोजेदारों को वुजू करने और इफ्तार की तैयारियों में काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई इलाकों में लोगों को पीने के पानी तक के लिए जूझना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई, लेकिन विभाग की ओर से समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पूरे दिन लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, मगर शाम तक भी हालात में खास सुधार नहीं हुआ। अलविदा जुमा जैसे अहम दिन पर बिजली और पानी की समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

# बारिश के बाद भी गैस लेने को लगी लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बारिश और ठंड के बावजूद गैस सिलेण्डर लेने के लिए लोगों की लाइन गैस गोदामों पर लगी रही। पुलिस की मौजूदगी में ही गैस का वितरण हुआ।

बता दें कि इस समय गैस की किल्लत के कारण उपभोक्ता पिछले काफी दिनों से गैस

### वाउचर के बाद गोदामों पर लगानी पड़ती है लाइन

एजेंसियों और गैस गोदामों पर वाउचर और सिलेण्डर लेने के लिए लाइन लगा रहे हैं। शुक्रवार को बारिश और ठंड के बावजूद भी उपभोक्ता गैस लेने के लिए लाइनों में लगे दिखाई दिए। शहर की दो एजेंसियों के गोदाम तो करीब करीब शहर में ही हैं मगर एक गैस एजेंसी का गोदाम शहर



से करीब सात किलोमीटर दूर ख्यालीपुर ढ़ाल में हैं। यहां के साथ साथ नवादा रोड और सादेल्लपुर रोड पर स्थित गैस गोदामों पर भी उपभोक्ताओं की काफी भीड़ देखने को मिली। ईद के त्यौहार के चलते उपभोक्ताओं की भीड़ में और दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही। पुलिस की मौजूदगी में ही गैस का वितरण किया गया। बता दें कि पिछले कई दिनों से लगातार गैस एजेसियों और गैस गोदामों पर उपभोक्ताओं की भीड़ सिलेंडर लेने के लिए उमड़ रही है। प्रशासन लगातार जनता से अपील कर रहा है कि गैस की किल्लत नहीं है मगर इसके बाद भी उपभोक्ता गैस एजेंसी व गैस गोदामों पर उपभोक्ताओं की लंबी लंबी लाइनें लग रही हैं।

# इंसानियत का सही रास्ता दिखाने वाली किताब कुरआन

## देश में अमन व खुशहाली की दुआए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पवित्र रमजान माह के दौरान मोहल्ला मंडी चौब स्थित मस्जिद में रमजान मुकम्मल होने के अवसर पर नमाजियों ने देश और समाज में अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए विशेष दुआ की। आयोजित दुआ ए कुमैल में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। रमजान मुकम्मल होने पर नमाजियों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया। इस मौके पर देश की तरक्की, भाईचारे और अमन-शांति के लिए दुआ मांगी गई। मौलाना हैदर मेहदी ने रमजान और कुरान की फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। उन्होंने बताया कि इस महीने में मुसलमान ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत और नेक कामों में हिस्सा लेते हैं। आगे कहा कि कुरान इंसा. नियत को सही रास्ता दिखाने वाली किताब है। इसके बताए रास्ते पर चलकर समाज में शांति और भाईचारा कायम किया जा सकता है। बताया कि रमजान का महीना इंसान को जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पाक महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद अवश्य करनी चाहिए। कहा कि हर सक्षम व्यक्ति को खैरात, जकात और फितरा निकालकर समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करनी चाहिए। इससे सभी लोग रमजान और ईद की खुशियों में बराबर के सहभागी बन सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक दुआ की गई, जिसमें देश में अमन-चौन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मुजाहिद अब्बास, मेराज रजा,शमीम हसन, रजा हुसैन, रजा अली, जॉन नकवी, शुजात अली, सलीम इफ्तेखार, जाहिद अब्बास, वसीम हसन, फहीम हैदर, सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# त्रुटि रहित और सुव्यवस्थित ढंग से हो जनगणना

## नगर पालिका में जनगणना के जिला प्रभारी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में शुक्रवार को जनगणना 2027 को पूर्णत: त्रुटि रहित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला प्रभारी जनगणना नंदन व्यास ने विस्तृत रूप से बताया कि जनगणना की प्रक्रिया को सटीक बनाने के लिए जनगणना ब्लॉकों का निर्धारण किस प्रकार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक बार ब्लॉकों का सही सीमांकन और निर्धारण होने के उपरांत ही नियुक्तकिए गए प्रगणकों (कर्मचारियों) द्वारा धरातल पर जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। त्रुटि रहित डेटा संकलन के



लिए ब्लॉकों का सही चयन सबसे अनिवार्य चरण है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने कहा कि पालिका प्रशासन जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा ताकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति की गणना सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्य रूप से इरशाद खां, रविंद्र सिंह, अक्षय शुक्ला, दीपू कुमार आदि सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# भव्य रूप से मनाई जाएगी बाबा साहेब की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आगामी जयंती को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति, हसनपुर ने अपनी कमर कस ली है।

शुक्रवार को समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती लता सागर के कोट खेवान स्थित प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। इस बैठक में जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने घोषणा की कि इस वर्ष अम्बेडकर जयंती का आयोजन अभूतपूर्व होगा। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह निकलने वाली शोभायात्रा इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। जिसमें बाहरी राज्यों और शहरों से आए कलाकारों द्वारा बाबा साहब के जीवन और सामा. जिक क्रांति पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। रामवीर सिंह ने जोर देकर कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को बाबा साहब के विचारों से जोड़ना है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार गौतम, लता सागर, महिपाल सिंह, जगवीर सिंह मौर्य, विजय कुमार गौतम, रोहताश सिंह, अरविंद कुमार अन्ना, चमनलाल प्रबन्धक, मुकेश जाटव, लवी सागर,सोम सिंह,राजीव कुमार मौजूद थे।

# यौमे कुद्स मनाकर फिलिस्तीन के लिए मांगी दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र के गांव फंदेड़ी सादात में रमजान के आखिरी जुमे (अलविदा जुमे) की नमाज के बाद शिया समुदाय के लोगों ने यौमे कुद्दस मनाया। इस दौरान लोगों ने फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठाई और उनकी आजादी के लिए दुआ मांगी।

मौलाना मोअस्सिर अब्बास ने कहा कि यौमे कुद्दस का मकसद दुनिया को यह बताना है कि मुस्लिम समाज फिलिस्तीन के मुद्दे पर एकजुट है। उन्होंने बताया कि मस्जिद-ए-अक्सा इस्लाम का पहला किबला है और उसकी हिफाजत करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। नमाज के बाद लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी भावनाएं जाहिर कीं। इस दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद और मस्जिद-ए-अक्सा की हिफाजत करो जैसे नारे लगाए गए। साथ ही देश में अमन-चैन और भाईचारे के लिए भी खास दुआएं की गईं। इस मौके पर मौलाना मोअस्सिर अब्बास,




मौलाना काजिम हुसैन, मनव्वर अली, मोमिन जैदी, अहसान अली, मौलाना मेंहदी जैदी, अबरार हुसैन, जावेद अब्बास, जहीर अब्बास, मोनिश अली, अमीर रजा, खुशहाल, शाबान, शोएब, मुसव्विर अली, रियाज अली, काशिफ, मोहम्मद, आशू, हसन रजा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मौहम्मद अमान उर्रब का स्वागत

**शेरकोट।** मौहल्ला नई सराय स्थित इस्तकबालिया कार्यक्रम में पहुंचे शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद अमान उर्रब का स्वागत कर उनके लिए दुआ की गई। वहीं इस मौके पर मुफ्ती मौहम्मद अमान उर्रब ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली हैं, उसे वह ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान मौलाना आसिफ, हिलाल तकी नसीरुद्दीन अंसारी, तौकीर अहमद, सलीम अहमद, नदीम अहमद, मेहताब आलम, मिर्जा खुर्शीद, काजी शमीम, मौलाना जरीफ, गुलफाम अहमद, बुंदू ठेकेदार सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## सेफ कैम्पस अवेयरनेस कार्यक्रम

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स में सेफ कैम्पस अवेयरनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्था के महासर्. चव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को परिसर की सूरक्षा एवं स्टूडेंट सपोर्ट एवं फेफ्टी सेलस् के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को POSH Act-2013 अधिनियम के प्रावधानों, अधिकारों एवं शिकायत निवारण प्रतिकिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की ग्रीवांश सैल हेड डा. एकता मलिक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार,अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती, गौरव मलिक (चीफ प्रोक्टर), डा. समीर अहमद (ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड), बृजनेश सिसौदिया आदि रहे।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के पायंती कलां गांव में जुम्मेरात की शाम राशिद का 7 वर्षीय भतीजा आदिल दुकान पर सामान लेने जा रहा था पड़ौसी जुवैर ने बच्चे के साथ गाली गलौज शुरू कर दी शिकायत करने पर गाली गलौज व पथराव शुरू कर दिया बचाने आई राशिद की पत्नी शबाना घायल हो गई थाने पहुंच कर पीड़ित शबाना ने जुवैर,तालिब और जीशान के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने घायल शबाना को जोया सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शेरकोट।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मौहल्ला चौधरियान निवासी रूपेंद्र दत्त के पुत्र तुषार का गुरुवार को जन्मदिन था। मृतक की बहन ने बताया कि जन्मदिन मनाने के लिए शाम के समय नगर का ही एक युवक उसे अपने साथ ले गया। लेकिन रात भर उसका भाई वापस नहीं लौटा। आज सुबह लगभग छह बजे युवक अपने भाई के साथ ई-रिक्शा से मरणासन्न अवस्था में तुषार को घर छोड़ गया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, उसके भाई की मौत हो चुकी थी। युवक के परिजनों ने युवक के दोस्तो पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## भजन-कीर्तन व दीपोत्सव कार्यक्रम



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मेढ सभा, (सुनारो वाले मंदिर) में महिला कमेटी द्वारा हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2083, शक्ति ऊर्जा के पावन पर्व चैत्र नवरात्र के अवसर पर भजन-कीर्तन तथा दीपोत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति पूर्वक मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने नव वर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी तथा आदि शक्ति मां भवानी के गुणगान से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर दीपमाला वर्मा, उमा वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, किरण वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा, सरोज वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पायल वर्मा, मोहित वर्मा, डा.सुमन कौशिक, संगीता रस्तोगी, सीमा सिन्हा, प्रेमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# तपेदिक पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर डॉ. राम मनो. हर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (त्डस्प्डै), लखनऊ में पल्मोनरी एवं एक्स्ट्रा-पल्मोनरी तपेदिक (टीबी) पर आधारित एक दिवसीय आरटीपीएमयू स्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम आरटीपीएमयू लखनऊ एवं पल्मोनरी मेडिसिन विभाग, त्डस्प्डै द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें स्टेट टीबी सेल, उत्तर प्रदेश, यूपी स्टेट टास्क फोर्स (एनटीइपी) एवं एचएल एफपीपीटी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों के फैकल्टी एवं निजी



चिकित्सकों को टीबी के नवीनतम निदान, उपचार और प्रबंधन से अपडेट करना था, ताकि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीइपी) को और मजबूती मिल सके। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) सी. एम. सिंह, निदेशक, आरएमएलआइएमएस एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व निदेशक, वीपीसीआइ, नई दिल्ली एवं उपाध्यक्ष, नेशनल टास्क फोर्स (एनटीइपी) ने अपने संबोधन में टीबी के शीघ्र निदान, प्रभावी उपचार और जनभागीदारी की अहम भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) सूर्यकांत (विभागाध्यक्ष, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, केजीएमयू) ने की। आयोजन में प्रो. (डॉ.) अजय कुमार वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. दर्शन कुमार बाजाज, डॉ. सरस्वती, डॉ. ज्योति, डॉ ऋचा एवं डॉ. अर्पिता वर्मा सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे। वैज्ञानिक सत्रों में टीबी के आधुनिक निदान, सैंपल कलेक्शन, ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी प्रबंधन, रेडियोलॉजी, पीडियाट्रिक एवं एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी और क्रिटिकल केयर जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई।

### हादसे में अधिवक्ता की मौत, परिवार में मातम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तहसील से वापस घर जा रहे साइकिल सवार अधिवक्ता की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हंडिया थाना क्षेत्र के कुकुड़ा गांव निवासी हरीलाल यादव (65) तहसील में वकालत करते थे। अस्वस्थता के कारण कई दिन बाद वह साइकिल से तहसील गए थे। वापस लौटते समय शाम करीब पांच बजे जैसे ही वे रिखीपुर मोड़ के पास पहुंचे कि अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच और उन्हें सीएचसी सरांयपीथा धनूपुर ले गई। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोटवाल नितेंद्रकुमार शुक्ला ने बताया कि अधिवक्ता के भाई की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# प्रभारी मंत्री ने बताई सरकार की उपलब्धियां




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार के नववर्ष पूरा हो चुके हैं। इस दौरान प्रदेश को विकास के पथ निरंतर गतिमान बनाये रखने के लिए जिन कार्यो को यथार्थ के धरातल पर उतारा जा चुका है, उन्हें जन जन तक पहुंचाने का भगीरथ प्रयास भी शुरू हो चुका है।

इसी क्रम में जनपद के प्रभारी तथा जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने नवनिर्माण का खाका मीडिया कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भयमुक्त और सुरक्षित प्रदेश, उन्नतशील खेती और खुशहाल किसान, रोशन प्रदेश, निवेश और रोजगार, खादी एवं ग्रामोद्योग, तकनीकी से ईज ऑफ लिविंग, एक जनपद एक उत्पाद, एक जिला एक मेडिकल कालेज, आत्मनिर्भर युवा, तथा सबल नारी प्रगति हमारी सहित इसी तरह की अनेकों योजनाएं बनायी ही नहीं गई, बल्कि उनका सफल क्रियान्वयन भी किया गया। इससे प्रदेश की प्रगति विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में हो रही है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि इसके पहले की सरकारों में प्रदेश बीमारू राज्य की सूची में पहले पायदान पर रहता था। माफियाओं का बोलबाला था, कोई भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करता था। इसके चलते प्रदेश का विकास रसातल में चला गया था। अब माफियों को मिटी में मिलाने का कार्य अनवरत जारी है। इसीलिए विदेशों से निवेशक यहां आने को उत्सुक हैं।

# ठंडी हवाओं ने मौसम को बनाया सुहावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** शुक्रवार की सुबह से ही नगर और क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। सुबह होते ही आसमान में घने बादल छा गए और बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई।

इसके साथ चल रही ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना तो बना दिया, लेकिन ईद की खुशियों को लेकर लोगों की चिंता भी बढ़ा दी है। कल आज शनिवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा और ऐसे में मौसम को लेकर रोजेदारों के मन में आशंका बनी हुई है। ईद को लेकर नगर में खासा उत्साह है। लोगों ने अपने-अपने हिसाब से खरीदारी पूरी कर ली है और परिवार के साथ घूमने-फिरने, रिश्तेदारों से मिलने तथा बच्चों को ईदगाह और बाजार ले जाने की तैयारियां कर रखी हैं। बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। नए कपड़े, जूते-चप्पल और मिठाइयों की खरीदारी के बाद सभी त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि शुक्रवार को अचानक बदले मौसम ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। रोजेदारों का कहना है कि यदि ईद के दिन भी इसी तरह बादल छाए रहे, बूंदाबांदी होती रही और ठंडी हवाएं चलती रहीं तो त्योहार का आनंद फीका पड़ सकता है। खासतौर पर ईदगाह में नमाज, बाजारों की रौनक और बच्चों के घूमने-फिरने पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल सभी की निगाहें मौसम पर टिकी हैं और लोग दुआ कर रहे हैं।

# वीरांगना अवन्तीबाई लोधी को सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा वीरांगना अवन्तीबाई लोधी के शहादत दिवस पर हजरतगंज स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आयोजन यशवीर लोधी द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि के उपरान्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि वीरांगना अवन्तीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेड़ी, जिला सिवनी, मध्य प्रदेश में हुआ था, वह भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला शहीद वीरांगना थीं। सन् 1857 के मुक्ति आन्दोलन में इन्होंने अहम भूमिका निभाई, जिससे भारत के इतिहास में एक नई क्रान्ति आई,



उन्होंने ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए 26 वर्ष की आयु में 20 मार्च 1858 को वीरगति प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री मानपाल सिंह लोधी, पूर्व विधायक सुन्दर लाल लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, विधायक राहुल लोधी, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', प्रदेश सचिव ज्ञानेश लोधी, महेश सिंह लोधी, रंजीत यादव, राजबाला रावत, सत्येन्द्र लोधी राणा, गुड्डू लोधी, अनिल पासी, ललिता राजपूत लोधी, बचान सिंह, सीमा लोधी, विनोद लोधी, ऊषा सेन, अजय कुमार रावत, ओम लोधी, नागेन्द्र सिंह, अमर सिंह लोधी, ज्ञान प्रकाश लोधी, महेन्द्र कुमार यादव, प्रेमलता यादव, मनोज कुमार पाल, विजय यादव, नीरज लोधी, अश्विनी गौतम, इब्राहीम मंसूरी, सूरज लोधी, चन्द्रशेखर यादव, शुभम लोधी, विमल राजप. ूत, कुलदीप यादव, गोविन्द यादव, त्रिभुवन सिंह, शिवम 'गोलू', रवि लोधी एवं नागेन्द्र लोधी के साथ पार्टी नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चा सच्चा गवाह, जघन्य हत्या के दोषियों की सजा बरकरार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुलंदशहर में संपत्ति विवाद में चाची का सिर कलम कर पेड़ से लटकान के दोषी भतीजे व उसके दो बेटों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। ट्रायल कोर्ट ने फैसले में मृतका के सात वर्षीय पोते की गवाही को महत्वपूर्ण माना था, जिस पर हाईकोर्ट ने भी मुहर लगाई और कहा कि बच्चा ही सच्चा गवाह। यह फैसला न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह और न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह प्रथम की अदालत ने सजायाफ्ता लखमी और उसके दो बेटों लंगूरी व योगेश की ओर से ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील खारिज करते हुए सुनाया है। बुलंदशहर के डिबाई थाना क्षेत्र में 30 दिसंबर 2011 को लखमी ने बेटों के साथ मिलकर अपनी चाची चमेली देवी पर उस वक्त हमला किया था, जब वह अपने सात साल के पोते कृष्ण कुमार के साथ खेत से लौट रही थीं। लखमी जमीन के टुकड़े में हिस्सा चाहता था, जिसे उसके चाचा ने अपने दूसरे भतीजे के नाम कर दिया था। अभियोजन के मुताबिक, सभी ने चमेली देवी को जमीन पर गिराकर सिर कलम कर जामुन के पेड़ से लटका दिया। इसके बाद मृतका का पेट भी चीर दिया था। हमले के दौरान मासूम पोते को भी गोली लगी थी। घटना के बाद लखमी खून से सना हथियार लेकर शव के पास नाच रहा था, जिसे पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट ने चश्मदीद गवाह के रूप में पेश पोते की गवाही के आधार पर दोषी करार देते हुए तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे दोषियों ने पोते की गवाही पर सवाल उठाए। कहा कि घटना के वक्त कम उम्र के कारण बच्चा घटना को समझने में सक्षम नहीं था। गवाही के दौरान उसके बयान में कई विसंगतियां थीं। लिहाजा उसकी गवाही मान्य नहीं है। कोर्ट ने इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि इस क्रूर घटना के वक्त मौजूद बच्चा ही सच्चा गवाह है। बच्चे अपनी आंखों के सामने होने वाली असामान्य और भयानक घटनाओं के प्रति अत्यंत संवे. दनशील होते हैं। जीवन भर ऐसी घटनाओं को नहीं भूलते। यदि उसकी गवाही में स्वाभाविकता है और वह बिना किसी दबाव या सिखाए-पढ़ाए गवाही दे रहा है, तो उसकी गवाही को केवल कम उम्र के आधार पर नकारा नहीं जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि एक बात झूठ तो सब झूठ का सिद्धांत इस मामले में लागू नहीं होता। यदि गवाह की छोटी-मोटी बातों में विसंगतियां हैं तो भी उसकी मुख्य और सत्य गवाही के आधार पर सजा दी जा सकती है।

### झमाझम बारिश, बिजली गिरने से किसान की मौत

**प्रयागराज।** जनपद में आज शुक्रवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया और झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। तेज गर्जना के साथ हुई बारिश से सड़कों के साथ गली मुहल्लों में जल जमाव हो गया। यहीं नहीं बिजली गिरने से एक किसान की मौत भी हो गई। शहर के कालिंदीपुर, अल्लापुर, दारागंज, सिविल लाइंस, कटरा, जानसेनगंज, अला. पीबाग, धूमनगंज, नैनी, झूंसी, फाफामऊ, अटाला, चौक आदि इलाकों में झमाझम बारिश हुई। सोरांव, नवाबगंज, शंकरगढ़, जसरा, मेजा, मांडा, कोरांव, करछना, फूलपुर, लालगोपालगंज, मऊआइमा, सोरांव, सहसों, हंडिया, प्रतापपुर, बरौत, जंघई आदि इलाकों में बरसात हुई। कई दिनों से मौसम की चेतावनी की के बाद शुक्रवार को बरसात से मौसम का रुख बदल गया। किसानों को बारिश से काफी नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। अरहर और गेहूं की फसल के चौपट होने की आशंका से किसान परेशान हैं। सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत चकिया घरहरा गांव में बिजली गिरने से संग्राम सिंह यादव (58) की मौके पर मौत हो गई। उनका बेटा ज्ञान सिंह यादव भी झुलस गया है। जिसका इलाज शहर के हॉस्पिटल में चल रहा है। बिजली की चपेट में आने से दो गायों की भी मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दोहरा हत्याकांड: महेश उर्फ मुन्ना की उम्रकैद बरकरार

**प्रयागराज।** वाराणसी के भेलपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2014 में दो व्यक्तियों की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोषियों की सजा बरकरार रखी है। ट्रायल कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फैसले को दोषियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए अपील खारिज कर दी। महमूरगंज के रहने वाले काशीनाथ के तीन पुत्रों में भोला यादव (52) सबसे बड़ा था। दूसरे नंबर पर गनेश और सबसे छोटा महेश यादव उर्फ मुन्ना यादव था। घर में जमीन के विवाद को लेकर कई बार पंचायत हुई। पंचायत में लोगों ने जमीन भोला का होना बताया, लेकिन बाउंड्री करने देने पर मुन्ना राजी नहीं था। रविवार को भी पंचायत के लिए लोग जुटे थे जहां प्रापर्टी डीलर भोला का भाई महेश उर्फ मुन्ना यादव और हड़हा निवासी रिश्तेदार विनोद यादव (45) आदि भी मौजूद थे। पंचायत के दौरान बाउंड्री कराने की बात को लेकर बात बढ़ गई और दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान प्रापर्टी डीलर का सबसे छोटे भाई मुन्ना यादव जो कई बार आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। बाउंड्री नहीं करने देने पर अड़ गया। दोनों पक्षों में इसी को लेकर गोलियां चल गईं। जिसमें भोला और विनोद घायल हो गए। पुलिस ने अनुसार विनोद थाने का हिस्ट्रीशीटर था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को समीप के एक निजी चिकित्सालय में भेजा। जहां डाक्टरों ने भोला और विनोद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# वैश्विक तनाव के बीच 'विश्व शांति एवं स्थिरता' पर विशेष आयोजन 22 मार्च से होगी शुरू

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** जब दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष देखने को मिल रहा है, ऐसे माहौल में कला, संस्ख्रति और खानपान के जरिए लखनऊ में शांति और एकता का संदेश देने की कोशिश की जा रही है।

इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार और व्हाइटस्वान आर्ट, नई दिल्ली के सहयोग से 22 से 25 मार्च 2026 तक 'विश्व शांति एवं स्थिरता के लिए समर्पित कला, संगीत और व्यंजन उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। यह चार दिवसीय कार्यक्रम लोगों को जोड़ने और मानवीय मूल्यों के संदेश को आसान और प्रभावी तरीके से सामने लाने का प्रयास है। इसका उद्घाटन 22 मार्च को किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. जय ख्रष्ण अग्रवाल मौजूद रहेंगे, जो प्रख्यात कलाकार हैं और लखनऊ विश्व. विद्यालय के आर्ट कॉलेज के पूर्व डीन रह चुके हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इतिहासकार और लेखक डॉ. रवि भट और नवभारत टाइम्स के रेजिडेंट एडिटर प्रो. सुधीर मिश्रा भी शामिल होंगे। यह पूरा आयोजन लखनऊ के शहीद स्मृति भवन, राज्य अभिलेखागार में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 23 मार्च को व्हाइटस्वान आर्ट की फाउंडर डॉ. अंजली निगम तानपुरे पर प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगी। इसके बाद शविश्व शान्ति एवं स्थिरता में समर्पित कलाश विषय पर पैनल चर्चा होगी और लखनऊ के उभरते कलाकारों का संगीत कॉन्सर्ट भी आयोजित किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के विस्मृत व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां न्छम्ैब्व् से मिले गैस्ट्रोनॉमी दर्जे का जश्न मनाया जाएगा। 24 मार्च को च्लैन्ड (एक संस्था जो वंचित बच्चों की सहायता करती है) के सहयोग से विशेष जरूरतों वाले और वंचित बच्चों के लिए आर्ट कैंप आयोजित होगा, जिसमें कलाकार और आर्ट स्कूल भाग लेंगे। वहीं 25 मार्च को कार्यक्रम का समापन होगा। व्हाइटस्वान आर्ट का उद्देश्य कला, संगीत और भोजन के जरिए दुनिया में शांति और सामंजस्य लाना है। यह संस्था मानती है कि कला इंसा. नियत की पहचान है, इसलिए उभरते कलाकारों, आर्ट स्टूडेंट्स और वंचित प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर कला को शांति का माध्यम बनाया जा सकता है, जो राजनीतिक और धार्मिक सीमाओं से ऊपर उठकर लोगों को जोड़ती है।

# नाले के आगे लगे कचरे के अंबार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** नगर के प्रमुख नौनिहालगंज बाजार में नाले के किनारे लगे कचरे के अंबार ने व्यापारियों और ग्राहकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। महीनों से जमा कूड़े से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण बाजार में सांस लेना तक दूभर हो गया है। व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन की तानाशाही और लाप. रवाही के चलते यह समस्या लगातार विकराल होती जा रही है।

लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। बाजार की सबसे गंभीर स्थिति यह है कि जहां कचरे का ढेर लगा है, उसी के आसपास मीट, मछली और परचून की कई दुकानें संचालित हो रही हैं। इन दुकानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खाने-पीने की वस्तुएं खरी. दने पहुंचते हैं। गंदगी और बदबू के कारण ग्राहकों को दुकान पर रुकना मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि अस्वच्छ माहौल के कारण ग्राहक बाजार आने से बचने लगे हैं। जिससे उनके कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि नगर पालिका के सफाईकर्मी नियमित रूप से कचरा नहीं उठाते और नाले की सफाई भी लंबे समय से नहीं कराई गई है। नतीजतन कचरे के ढेर में सूअर कुलैले करते हैं ।गंदगी के कारण मक्खियों और मच्छरों की भरमार हो गई है।

# घर में घुसकर छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र में 12वीं की छात्रा से घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। जौनपुर के गांव सिकरारा मोमिनपुर कला निवासी आरोपी विकास कुमार यादव (30) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। मूलरूप से अंबेडकरनगर की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा जार्जटाउन थाना क्षेत्र में अपने चाचा-चाची के साथ रहकर इंटर की पढ़ाई कर रही है।

उसके चाचा-चाची कहीं गए थे और वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि छात्रा को घर में अकेला देखकर आरोपी विकास उसके कमरे में घुस गया और उससे दुष्कर्म किया।शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी छिप गया और मौका देखकर फरार हो गया। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पीड़िता के घर वालों को दी। मामला जार्जटाउन थाने पहुंचा तो पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस टीम ने आरोपी को केपी ग्राउंड स्थित अस्थायी बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया।

# सेना भर्ती कार्यालय हटा, तो होगा आंदोलन: जयसिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में सपाइयों ने अमेठी में संचालित हटाए जा रहे सेना भर्ती केंद्र (एआरओ) को रोकने के लिए तहसील परिसर में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से देश रक्षामंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने देश के रक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से कहा कि अमेठी जिले के अमेठी शहर में स्थित सेना भर्ती कार्यालय (ARO) की बिल्डिंग को जर्जर बताकर उसे अयोध्या जिले में लेजाकर संचालित करने की सूचना



प्राप्त हुई है, इस सेना भर्ती कार्यालय ARO से अमेठी सहित पूरे प्रदेश के हजारों नौजवान सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं. सपा नेता जयसिंह ने कहा कि यह सेना भर्ती कार्यालय अमेठी निवासी सेना में भर्ती के तैयारी कर रहे नौजवानों के भविष्य व उनके परिवारों से भावनात्मक जुड़ाव है, बिल्डिंग का सौंदर्यीकरण अथवा जीर्णोद्धार कराकर उपरोक्त कार्यालय को यहीं से व किसी नई सरकारी बिल्डिंग में या नई बिल्डिंग बनाकर संचालित किया जाय,अगर यह कार्यालय यहां से संचालित नहीं होगा तो हम समाजवादी लोग नौजवानों के साथ बैठक कर आंदोलन के रास्ते पर जाने को मजबूर होंगे. इस मौके पर अधिवक्ता मो. रेहान, अंकुश कोरी, अनिल पांडेय, अमित सिंह, मो. हिद, समीर, जेडी, आमिर, प्रदीप यादव, सनी, शाहबाज, सुरेश पाल, शोएब सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नमाजियों ने हाथ में काली पट्टी बांध कर अलविदा की पढ़ी नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे को 'अंतरष्ट्रीय कुद्स दिवस' के अवसर पर मजलिस उलमा-ए-हिंद की ओर से फिलिस्तीन की आजादी, कि़ब्ला-ए-अव्वल की पुन: वापसी, ग़ाजा, लेबनान और यमन के मजलूमो के समर्थन तथा इजरा. इल और अमेरिकी आतंकवाद खिलाफ जुमे की नमाज के बाद मौलाना कल्बे जवाद नक़वी के नेतृत्व में आसिफ़ी मस्जिद में विरोध प्रदर्शन किया गया।

सबसे पहले मौलाना कल्बे जवाद नक़वी की इमामत में नमाज अदा की गई इरान-इजराइल के बीच चल रहे जंग के विरोध में बड़ा इमामबाड़ा में हाथ में काली पटी बांधकर नमाज पढ़ी गई इसके बाद बड़ी संख्या में नमाजी विरोध प्रदर्शन करते हुए बड़े इमामबाड़े के चबूतरे पर इकठा हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने फ़िलिस्तीन की आजादी और कि़ब्ला-ए-अव्वल की पुन: वापसी की मांग की।प्रदर्शनकारियों ने आयतुल्लाह खा़मनेई की मजलूमाना शहादत को याद करते हुए उनके कातिलों के खिलाफ ह्मुर्दाबादह्न के नारे लगाए। साथ ही सामूहिक रूप से ईरान के नवनिर्वाचित रहबर-ए-इंक़लाब आयतुल्लाह सै"यद मुजतबा खा़मेनई से तजदीद-ए-अहद भी किया। प्रदर्शन के अंत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरा. इली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों को जलाकर प्रदर्शनकारियों ने अपना रोष व्यक्त किया। मजलिस- ए-उलेमा-ए-हिंद के महासचिव और इमाम-ए-जुमा मौलाना कल्बे जवाद नक़्वी ने कहा कि इजराइल ने ग़ाजा और फ़िलिस्तीन के लोगों पर जितना अत्याचार किया है। मौलाना ने कहा कि जो लोग कल तक मजलूम फिलिस्तीनियों पर हमला कर रहे थे, वे आज चूहों की तरह बंकरों में छिपे हुए हैं। मौलाना ने कहा कि शहीद का खून व्यर्थ नहीं जाता।

# ठाकुरगंज केबीएलएस इंटर कॉलेज में मनाया गया ईद उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित बी एल एस इंटर कॉलेज में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सवी माहौल देखने को मिला और चारों ओर खुशियों की रौनक बिखरी रही। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं बच्चों ने एक-दूसरे को सेवइयां खिलाकर भी ईद की मुबा. रकबाद दीं, जिससे आपसी प्रेम और भाईचारे का सुंदर संदेश देखने को मिला। विद्यालय को इस अवसर पर आकर्षक रूप से सजाया गया था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। रंग-बिरंगी सजावट और उत्सव का माहौल बच्चों के उत्साह को और बढ़ा रहा था। विद्यालय के मैनेजर संदीप साहू ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रदीप साहू, प्रधानाचार्य रवि किशोर, उप-प्रधानाचार्य रोमा जाफरी के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

**प्रयागराज (इलाहाबाद) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-**

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

**(प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**
**मो. 9415351850**
**कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर (नवादा), प्रयागराज**
**email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com**

# 1.29 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

## डिजिटल अरेस्ट करने वाले ठग को प्रोवाइड कराए थे खाते, छह राज्यों में दर्ज है शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में 13 मार्च को डिजिटल अरेस्ट करके करीब एक करोड़ 29 लाख की ठगी की गई। इस मामले में साइबर पुलिस ने दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके खाते में ठगी की रकत आई थी। ये दोनों ठगी के लिए खाते प्रोवाइड कराते थे। इन दोनों को नोएडा के सेक्टर-63 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इनके नाम रिषभ (21) और कुंवर शुक्ला (20) है।



दरअसल पीड़ित को फोन करके ठगों ने ज्त्ण्ण् का अधिकारी बताया। पीड़ित को बताया कि उनके फोन का मोबाइल नंबर से अश्लील वीडियो भेजे गए। जिसकी जांच मुंबई क्राइम ब्रांच, सीबीआई दकर रही है। जेल भेजने का डर दिखाकर उनको डिजिटल अरेस्ट किया गया। साथ ही उनके एकाउंट से करीब 1.29 करोड़ रुपए ट्रांसफर करा लिए।डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि दोनों शातिर किस्म के अपराधी है।

ये लोग ठगों को अपने बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते है। बैंक खातों में साइबर ठगी से संबंधित 10.95 लाख आए थे।

**छह राज्यों में छह शिकायत, 4.17 करोड़ आए:** इनके बैंक खातों से संबंधित खाते के विरुद्ध देश के भिन्न-भिन्न राज्यों से 06 शिकायतें जिसें उप्र से 01, महाराष्ट्र-01, तमिलनाडू-01, दिल्ली -01, बिहार-01 व जम्मू कश्मीर-01 से दर्ज है। जिनमें अब तक धोखाधड़ी से संबंधित करीब 4 करोड़ 17 लाख रूपये की धनराशि प्राप्त की गयी है।

## कांस्टेबल को ट्रक ने टक्कर मार कर किया घायल

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर छपरौला गांव के तालाब के समीप पैदल सड़क पार कर रहे कांस्टेबल को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। घायल को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अलीगढ़ के हजियापुर गांव में अनोखे सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनका पुत्र लोकेश बदायूं में उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। वह 18 मार्च को ड्यूटी से अवकाश लेकर बदायूं रोडवेज बस द्वारा अपने घर आ रहा था। छपरौला गांव में बस से उतरकर सड़क पार करते समय ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने दो दिन बाद कोतवाली में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्टदर्ज कराई है।

# अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन दिए जाने पर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** अवैध कालोनियों में बिजली कनेक्शन पर रोक के बाद भी लोगों को कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इस पर ग्रेटर नोएडा के सीईओ ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के एमडी के साथ अपने दफ्तर में बैठक कर गहरी नारा. जगी व्यक्त की। मामले को गंभीरता से न लिए जाने पर इसकी शिकायत शासन स्तर पर भी की जा सकती है। ग्रेटर नोएडा के सीईओ रवि कुमार एनजी ने साक्ष्य के रूप में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आमका सहित अन्य गांवों में बसी अवैध कालोनियों के फोटो और वीडियो दिखाए, जिनमें रोक के बाद भी बिजली कनेक्शन दिए गए हैं।

कर्मचारियों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। दिशा- निर्देशों का कोई असर नहीं दिख रहा है। सीईओ ने कहा कि इस तरह अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने में सफलता नहीं मिलेगी। प्राधिकरण अवैध कालोनियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई लगातार कर रहा है,वहीं एनपीसीएल द्वारा कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

बिजली की सुविधा मिलने पर लोग रहना शुरू कर देते हैं। इस पर बिजली कंपनी के एमडी ने सीईओ को आश्वासन दिया कि टीम गठित कर क्षेत्र में जांच कराई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र की अवैध व डूब क्षेत्र की कालोनियों में बिजली के कनेक्शन जारी न किए जाएं। मामले की जांच की जाएगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र की अवैध कालोनियों में बिजली कनेक्शन न दिए जाने के लिए प्राधिकरण कई बार पत्र लिख चुका है। इसके बाद भी अंकुश नहीं लग रहा है।पूर्व में किए गए प्रयासग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए प्राधिकरण पूर्व में भी कई बार प्रयास कर चुका है। बीते साल बिजली कंपनी एनपीसीएल को पत्र लिख कहा गया था कि प्राधिकरण की अनुमति के बाद ही कनेक्शन दिया जाए।

**कनेक्शन जारी करने से पहले यह जरूरी:** देख लिया जाए कि कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास प्राधिकरण का अना. पत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) है या नहीं। साथ ही निबंधन पत्र को भी इस संबंध में पत्र लिखा गया था कि छोटे आकार के भूखंडों की रजिस्ट्री न की जाए। संबंधित भूमि जिस उपयोग में दर्ज है, उसी में रजिस्ट्री की जाए। कृषि भूमि की रजिस्ट्री कृषि उपयोग में ही की जाए।

रजिस्ट्री होने पर लोग आसानी से विश्वास कर लेते हैं, कि जो संपत्ति खरीद रहे हैं,वह सही है।

## एयरबैग खुलने से हादसे में चालक की जान बची

**नोएडा।** सेक्टर-21 स्थित ट्रैफिक सिग्नल के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने एक अन्य कार में टक्कर मार दी। एयरबैग खुलने के कारण क्षतिग्रस्त कार में बैठे युवक को चोट नहीं लगी। हालांकि, हादसे में उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली निवासी शिवांग जैन ने पुलिस को शिकायत दी कि वह गुरुवार रात करीब 12:15 बजे एक शादी से लौट रहे थे। वह सेक्टर-21 के पास सिग्नल क्रॉस कर रहे थे, तभी एक दूसरी कार ने उनकी कार के दाईं तरफ टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी कार डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में कार के एयरबैग खुल गए और कार को काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# भाजपा सरकार में यूपी का सबसे अधिक विकास: बृजेश सिंह

**बोले- प्रदेश में पहले आठ एयरपोर्ट थे अब बढ़कर 16 हुए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नोएडा के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की। यह प्रेस वार्ता उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में की गई, जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले नौ वर्षों में व्यापक बदलाव देखा है। उन्होंने इन नौ वर्षों को नव निर्माण के नौ वर्ष बताया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की पच्चीस करोड़ जनता ने इन नौ वर्षों में विकास को प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया है। मंत्री ने दावा किया कि जहां 2017 में प्रदेश के नौजवानों के हाथ में तमंचा दिखाई देता था, वहीं आज उनके हाथ में टैबलेट और स्मार्टफोन हैं।

बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश में केवल दो एक्सप्रेसवे थे, जबकि अब निर्माणाधीन और संचा. लित मिलाकर 22 एक्सप्रेसवे पर काम हो रहा है। इसी तरह, पहले 8 एयरपोर्ट थे, जो अब बढ़कर 16 हो गए हैं। कई शहरों को मेट्रो से भी जोड़ा गया है।

मंत्री ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (रैपिड रेल) का भी जिक्र किया, जो नई दिल्ली से मोदीपुरम तक शुरू हो चुकी है और जिसका हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि एशिया का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जब पूरी तरह तैयार होगा, तो यह प्रदेश को एक नई पहचान देगा। इसके पहले चरण का उद्घाटन 28 तारीख को प्रधानमंत्री गौतम बुद्ध नगर में करेंगे।

बृजेश सिंह ने कहा कि जिस प्रदेश को कभी बीमारू राज्यश कहा जाता था, आज वही रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि जहां पहले निवेशक आने से कतराते थे, वहीं अब उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा निवेश केंद्र बनकर उभरा है।

इस परिवर्तन का श्रेय मुख्यमंत्री की श्जीरो टॉलरेंसश नीति को देते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत कानून का राज स्थापित हुआ है। आज प्रदेश के बुजुर्ग, किसान, मजदूर, बहनें और नौजवान सभी खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रहे हैं।

## एक नजर

### गैंगस्टर में वांछित सरगना समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर बीटा-2 थाने की पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित वाहन चोर गिरोह के सरगना समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राहुल और उसके साथी अर्जुन के रूप में हुई। राहुल गिरोह का सरगना है। गिरोह में राकेश, रोहित, सुमित और सचिन भी शामिल हैं। पुलिस ने चार महीने पहले गैंग को पकड़ा था। उनके पास से चोरी की 16 बाइक बरामद हुई थीं। पुलिस की टीम फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

### कुएं में गिरे गोवंश को सुरक्षित निकाला

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र स्थित ननुआ का राजपुर गांव के पास शुक्रवार को एक गोवंश लगभग 30 फुट गहरे कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों व गौ रक्षकों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। प्रारंभिक प्रयासों में गोवंश को निकालने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद हाइड्रा मशीन बुलाई गई। कड़ी मशक्कत और घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिला गोरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर (नवादा) ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण बचाव कार्य में काफी बाधाएं आईं। इसके बावजूद गौ रक्षक पूरी निष्ठा के साथ मौके पर डटे रहे और गोवंश की जान बचाने में सफल रहे। उन्होंने प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगलों में खुले पड़े कुएं और बोरवेल के गड्ढों को भरने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाओं में कई गोवंशों की जान जा चुकी है। गोरक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन खतरनाक गड्ढों को नहीं भरा गया, तो गौ रक्षक राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान गो. विंद, राहुल नागर, वेद नागर, विपिन गोस्वामी, सोनू बंसल और नितिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नोएडा प्लाट स्कीम के तहत आए 32 आवेदन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण की स्कीम के तहत कुल 32 आवेदन कंपनियों ने किए है। दस्तावेज और ईएमडी जमा की गई। अब बोली लगाई जाएगी। जिस भी कंपनी की बोली ज्यादा होगी उसे जमीन का आवंटन किया जाएगा। इससे प्राधिकरण को राजस्व मिलेगा। साथ ही खाली प्लाटों की दोबारा से स्कीम लांच की जाएगी। प्राधिकरण ने कारपोरेट, होटल और ग्रुप हाउसिंग प्लाट की स्कीम एक महीने पहले लॉन्च की थी। होटल के लिए छह प्लाट निकाले गए थे। ये प्लाट 2000 से 24 हजार वर्ग मीटर तक के है। इसमें पांच प्लाट के लिए आवेदन नहीं आए। जबकि 7500 वर्ग मीटर सेक्टर-105 के लिए दो आवेदन आए है। कामर्शियल बिल्डर प्लाट में 11 प्लाट के सापेक्ष सेक्टर-96, 98 के दो प्लॉट, 108,142 और 135 के लिए 16 आवेदन आए है। वहीं कारपोरेट सेक्टर 10 भूखंड में 1000 वर्ग मीटर के नौ भूखंड के लिए 14 आवेदन आए है। ग्रुप हाउसिंग के सेक्टर-151 में दो भूखंड के लिए चार-पांच भी आवेदन आए है। इन सभी ने ईएमडी और दस्तावेज प्राधिकरण में जमा कर दिए है। ई ऑक्शन के जरिए आवेदन कर्ता को बोली लगानी होगी। जिसके बाद प्लाट का आवंटन किया जाएगा।

### 25 मार्च को सामूहिक विवाह का किया जाएगा आयोजन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर ने सर्वसाधारण को बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्रता हेतु निर्धारित आय सीमा एवं देय धनरा. शि में वृद्धि करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश निर्गत किये गए हैं। नवीन शासनादेश के अनुसार अब योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े कुल 01 लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें 60 हजार रुपये सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे, 25 हजार रुपये मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी तथा 15 हजार रुपये कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किए जाएंगे।

# ऑनलाइन गेमिंग में युवक ने 20 लाख गंवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ऑनलाइन गेम खेलकर मुनाफा कमाने के चक्कर में एक युवक ने 20 लाख रुपए गंवा दिए। युवक बीते 27 महीने से ऑनलाइन गेम खेल रहा था। ठगी की जानकारी होने पर उसने अज्ञात के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सूरजपुर निवासी वकील खान ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी कि उसने जनवरी 2024 में डेमन ऐप ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर खेलना शुरू किया था। शुरुआत में उसे छोटे-छोटे गेम खेलने पर कुछ रुपये जीतने का मौका मिला। इससे उसका भरोसा बढ़ा और वह लगातार ऐप पर रुपये लगाने लगा।

इस ऐप पर करीब 100 से ज्यादा गेम थे। वह इनमें से पांच से सात गेम खेलता था और हर बार रुपये लगाता था। जीतने पर उसके बैंक खाते में कुछ रकम वापस मिल जाती। इसी वजह से उसे लगा कि यह ऐप सही है और यहां रुपये कमाए जा सकते हैं। धीरे-धीरे ऐप के जरिए उसे ज्यादा रकम लगाने के लिए उकसाया जाने लगा। हर बार उसे बड़े इनाम का लालच दिया जाता। वह रुपये जमा करता रहा। वह जब भी थोड़े बहुत रुपये जीतता, तो उसे फिर से गेम में लगाने के लिए कहा जाता।पीड़ित ने बताया कि उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 20 लाख रुपये इस ऐप में लगा दिए। यह रकम उसने छोटे-छोटे हिस्सों में जमा की थी।

## नोएडा की पहली एडवांस्ड बर्न केयर यूनिट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-70 स्थित एसआरएस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार को आठवें स्थापना दिवस पर नोएडा की पहली एडवांस्ड बर्न केयर यूनिट शुरू हो गई। इससे पहले हवन-पूजा कर आधुनिक यूनिट का उद्घाटन किया। यूनिट की अगुवाई मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रितु सिंह करेंगी। उन्हें बर्न, प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी का अनुभव है। छह बेड की यूनिट में आधुनिक उपकरण हैं। मरीजों को एडवांस्ड सर्जिकल ट्रीटमेंट, रिकंस्ट्रक्टिव प्रक्रियाएं और वाउंड केयर की सुविधा मिलेंगी। उनका मुख्य उद्देश्य गंभीर मरीजों को समय पर सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का इलाज देना है।

# यीडा बोर्ड के बड़े फैसले: 1 अप्रैल से बढ़ेंगी प्लॉट दरें, 2026-27 के लिए 11.82 लाख करोड़ का बजट प्रस्ताव पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 89वीं बोर्ड बैठक में शुक्रवार को कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट प्रस्ताव पारित करने के साथ ही विभिन्न श्रेणियों की भूमि आवंटन दरों में औसतन 3.58 प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी। बैठक में प्रस्तुत बजट के अनुसार प्राधिकरण ने वर्ष 2026-27 के लिए 11,82,969.19 लाख रुपये की प्राप्तियां और 11,81,101.46 लाख रुपये के व्यय का प्रावधान किया है। अधिकारियों के अनुसार आय का प्रमुख स्रोत भूमि आवंटन, औद्योगिक, संस्थागत और अन्य विकास परियोजनाएं रहेंगी।

प्राधिकरण ने दरों के पुनरीक्षण और ट्रांसपोर्ट लैंड यूज से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने का भी निर्णय लिया है। यह समिति अपनी रिपोर्ट आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करेगी। वहीं, जेवर क्षेत्र में 'ट्रैफिक पार्क कम ट्रेनिंग सेंटर' स्थापित करने को भी मंजूरी दी गई है। यह परियोजना पीपीपी मॉडल पर विकसित की जाएगी, जिसमें लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बैठक में प्राधिकरण क्षेत्र की प्रमुख परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को आवश्यक संसाधन जुटाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा गया है। बैठक में विभिन्न श्रेणियों की आवंटन दरों में औसतन 3.58 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई। यह नई दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट, लैंड यूज और अन्य मदों की दरों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है, जो आगामी बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**बजट प्रस्ताव:** प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 11,82,969.19 लाख रुपये की प्राप्तियां प्रस्तावित की हैं, जबकि कुल व्यय 11,81,101.46 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। बजट में भूमि आवंटन, औद्योगिक एवं संस्थागत विकास से आय में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्णय:** बैठक में जापान के सहयोग से विकसित हो रहे 'मेडिकल डिवाइस पार्क' और 'फिल्म सिटी' परियोजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। इन परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हो सकें।

# धर्म छिपाकर युवती को ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-3 थाने की पुलिस ने धर्म पहचान छिपाकर शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने के आरोपी को मध्य प्रदेश से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। पुलिस के मुता. बिक आरोपी की पहचान 26 वर्षीय विकास कुमार उर्फ मोहम्मद रमीज के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का रहने वाला है। निवास स्थान से ही आरोपी को दबोचा गया। पीड़िता ने फेज-3 थाने में 17 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उससे शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।



इसके बाद आरोपी ने उसका वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी ने वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल किया और उसके रुपये और गहने हड़प लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और धर्म परिवर्तन करने के लिए भी दबाव बनाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन आरोपी फरार हो गया। पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद शुक्रवार को उसे छतरपुर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस की लापरवाही सामने आई थीइस मामले में लापरवाही सामने आने पर पुलिस विभाग में भी कार्रवाई हुई थी।

शिकायत के बाद समय पर केस दर्ज न करने और सही धाराएं न लगाने को लेकर पुलिस कमिश्नर ने सख्त रुख अपनाया था। उन्होंने फेज-3 थाने के प्रभारी पुनीत सिंह और जांच कर रही महिला दरोगा प्रीति को गुरुवार निलंबित कर दिया था। साथ ही, डीसीपी सेंट्रल नोएडा से स्पष्टीकरण मांगा था। मामले में एसीपी उमेश यादव की भी जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस विभाग के कुछ अन्य पुलिसकर्मियों पर भी आगामी दिनों में कार्रवाई हो सकती है।

**हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई थी:** मामले को लेकर पहले स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों ने थाने पर प्रदर्शन किया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया था। पुलिस ने बताया कि अब आरोपी के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धर्म परिवर्तन से जुड़े कानूनों के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने इस तरह की घटना कहीं और तो नहीं की है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व कर्मचारी को कंपनी का सामान चोरी करते दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में फाइबर केबल बिछाने वाली कंपनी का लाखों रुपये का सामान चोरी करने वाले पूर्व कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

कंपनी प्रतिनिधि सतीश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि श्री साई हाईटेक नामक कंपनी फाइबर केबल बिछाने का कार्य करती है। कंपनी के पूर्व कर्मचारी नीरज कुमार, निवासी गांव बागपत को करीब पांच माह पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते उसने बृहस्पतिवार को गांव मकोड़ा के पास रखे कंपनी के सामान को चोरी करने की योजना बनाई। आरोपी नीरज कुमार ने एक और उसके चालक अंकुलपाल के साथ मिलकर शाम करीब 5 बजे से 7 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान कंपनी के कर्मचारी ममित कुमार और सूरज कुमार को शक हुआ। जिन्होंने पीछा कर आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से करीब 1200 मीटर ओएफसी केबल को बरामद किया है। केबल की कीमत लगभग 80 हजार रुपये है। इसके अलावा आरोपियों के पास से डक्ट रोडर (करीब 28 हजार रुपये), फावड़े और गैती समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मैनेजर और दोस्त पर हमला

**कार से घर जाते समय चार युवकों ने रास्ते में रोका, शीशे तोड़े, एफआईआर दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सलारपुर अंडरपास के पास एक मैनेजर और उनके दोस्त पर डंडों से हमला किया गया। रंजिश के चलते हुए इस हमले में दोनों घायल हो गए और उनकी कार के शीशे भी तोड़ दिए गए। घायलों का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में एक नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को कोतवाली में केस दर्ज किया गया है।

गाजियाबाद के कवि नगर निवासी राजकुमार शर्मा गौड़ यमुना सिटी सोसायटी में जनरल मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम वे छुट्टी के बाद अपने दोस्त अवनी रस्तोगी के साथ कार से घर लौट रहे थे। वे यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से गुजर रहे थे, तभी दनकौर क्षेत्र के सलारपुर अंडरपास के पास मिर्जापुर गांव निवासी गौरव भाटी और उसके तीन अन्य साथियों ने उनकी कार जबरन रोक ली। आरो. पियों ने दोनों दोस्तों पर डंडों से हमला किया। इस हमले में अवनी रस्तोगी को सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित मैनेजर राज. कुमार शर्मा के अनुसार, आरोपी गौरव उनके साथ ही काम करता है। कुछ दिन पहले किसी बात पर उनका विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने उन पर और उनके दोस्त पर हमला किया। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# पत्नी से विवाद के बाद ट्रक चालक ने खुद को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रिछपाल गढ़ी गांव में बुधवार को ट्रक चालक ने पत्नी से विवाद के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अस्पताल से मिली सूचना के बाद बिसरख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जबकि परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

जानकारी के अनुसार बुलंदशहर निवासी धीरज कुमार (43) अपने परिवार के साथ रिछपाल गढ़ी गांव में रहते थे। वह एक निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। बीते बुधवार रात उन्होंने शराब का सेवन किया था। जिसके बाद उनका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घरेलू कलह के चलते दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। घटना वाली रात भी वह घर में रखे अवैध तमंचे को निकालकर साफ कर रहे थे। इसी बीच अचानक उन्होंने तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर घर में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजन गोली लगने के बाद धीरज को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मृतक के पास अवैध तमंचा कहां से आया, किसके माध्यम से खरीदा गया। परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में परिजन की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

# दो दिन तक रुक-रुक कर होगी बारिश

## अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकार्ड किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में दो दिन से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इससे तापमान में चार से पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकार्ड किया गया। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण एक पश्विमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसका असर है जिससे नोएडा में बारिश हो रही है।



इसका असर आगामी दो दिनों मक रहेगा। जिससे दो दिन तक रुक-रुक कर बारिश होगी। वहीं वातावरण में नमी की मात्रा 80 प्रतिशत और हवा की रफ्तार करीब 8 किमी प्रतिघंटा है। शनिवार को रविवार को भी बारिश के आसार है। इसके बाद तेज धूप निकलेगी और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी।

बारिश के चलते कई स्थानों पर लोकल फाल्ट हुए जिससे बिजली सप्लाई बाधित हुई। शटडाउन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं मौसम सुहावना होने से लोगों ने मॉल और नोएडा के घूमने वाले स्थानों की ओर गए। हालांकि सड़कों पर जाम और जल भराव जैसी स्थिति नहीं रही।

# अकीदत के साथ अदा की गई जुमा अलविदा की नमाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** इस साल पूरे 30 रोजे हुए इस कारण माह ए रमजान में पांच शुक्रवार जुमा पड़े। माह ए रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज अकीदत और शांति के साथ कस्बा एवं थाना क्षेत्र के गांवों में अदा की गई।

कस्बे की सभी मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व चौकी प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे और व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद,अजहरी मस्जिद सहित कस्बे की सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

नमाज के समय मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग से नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। शनिवार को ईद की नमाज ईदगाह व मस्जिदों में तय समय पर अदा की जाएगी।

# पिकअप को बचाने में डबल डेकर बस पलटी

**■ बड़ा हादसा टला: बिजली के खंभे टूटने से आपूर्ति बाधित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धनेटा-शीशगढ़ रोड पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक प्राइवेट डबल डेकर बस पिकअप को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसा दोपहर करीब 12:50 बजे ग्राम भिटौली नगला के पास शिव मंदिर और सृष्टि मैरिज हॉल के निकट हुआ।






बताया जाता है कि बस राजस्थान के जयपुर से सवारियां लेकर शीशगढ़ की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से मुर्गों से भरी पिकअप आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित बस सड़क किनारे खड़े 33 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के खंभे से टकराकर पलट गई। टक्कर से बस का अगला शीशा चकनाचूर हो गया और दो बिजली के खंभे टूट गए।हादसे में बस हेल्पर शानू को मामूली चोटें आईं, जबकि कुछ अन्य यात्रियों को हल्की चोट लगी। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि उस समय बिजली आपूर्ति बंद थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।घटना की सूचना मिलते ही भिटौली नगला के ग्रामीण और थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को खाई से बाहर निकलवाया। अधिकांश यात्री दूसरे वाहनों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।उधर, हादसे में बीथम नौगवां बिजली घर से मीरगंज के नगरीय उपकेंद्र को जाने वाली 33 केवीए लाइन के दो खंभे क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अवर अभियंता सोम प्रकाश और कुरुणेश मिश्रा साथ में कर्मचारियों को मौके पर लेकर पहुंचे और ग्रामीण उपकेंद्र से वैकल्पिक आपूर्ति शुरू कराई गई। बाद में नए खंभे लगाकर लाइन को बहाल कर दिया गया।थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि पिकअप को बचाने के प्रयास में बस पलटी है। सभी यात्री सुरक्षित हैं और मामले की जांच की जा रही है।

# छह साल की उमामा रहमान ने 22 रोजे रखकर बनाया रिकार्ड

**■ रोजा न रखने वालों को रोजेदार मासूम बच्चों से सबक लेना चाहिए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रमजान पाक महीना बड़ी बरकतों वाला महीना है। इस पाक महीने में इबादत करने का सबाब भी कई गुना बढ़ जाता है, इतना ज्यादा सबाब होने के बावजूद भी तमाम ऐसे लोग भी हैं जो रोजा रखने से बे महरूम रह जाते हैं। ऐसे लोग तरह-तरह के बहाने बनाकर रोजे नहीं रखते हैं, ऐसे लोगों को खुदा से भी डर नहीं लगता।



दूसरी तरफ छोटे-छोटे नाबालिग बच्चे रोजे रखकर खुदा की इबादत करके नए-नए रिकार्ड बना रहे हैं। गैर रोजेदारों को इन छोटे बच्चों से सीख लेने की जरूरत है। हालांकि इस्लाम में नाबालिग बच्चों पर रोजा नमाज फर्ज नहीं है, फिर भी नाबालिग बच्चों में बड़ा हौसला देखने को मिल रहा है। ऐसे ही शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला दर्जी चौक निवासी इमरानुल हक की छह साल की बेटी उमामा रहमान के हौसले को सलाम करना चाहिए। इस छोटी से बच्ची ने रमजान माह में 22 रोजे रखकर एक मिशाल पेश की है कि हौसला हो तो कोई काम मुश्किल नहीं है।

उमामा रहमान के वालिद इमरानुल हक, अम्मी हूमेरा रहमान, चाचा इकरामुल हक, ताऊ हाजी मेराजुल हक, दादा हाजी फजले हक, दादी हज्जन मोबीन बानो, नाना डॉक्टर बहीदुल रहमान, नानी तसनीम बेबी ने उमामा रहमान की होसला अफजाई करते हुए मुबारकबाद दी है, और 22 रोजे रखने का साहस जुटाने वाली बेटी को इनामात से नवाजा गया।

# गैस एजेंसियों पर पुलिस की सख्ती

**■ ओवररेटिंग व अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई का अल्टीमेटम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली परिसर में गैस एजेंसी संचालकों के साथ आयोजित बैठक में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया कि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



बैठक में इंस्पेक्टर क्राइम रवीन्द्र कुमार और एसएसआई धर्मेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि गैस सिलेंडरों की ओवररेटिंग, कालाबाजारी, गलत वितरण या किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि सभी गैस एजेंसियों को पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा और उपभोक्ताओं के अधिकारों का पूरा ध्यान रखना जरूरी है। यदि किसी एजेंसी के खिलाफ शिकायत मिलती है, तो बिना चेतावनी सीधे कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को अपने रिकॉर्ड सही रखने और वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर और निर्धारित दरों पर गैस उपलब्ध कराने की सख्त हिदायत भी दी गई।

# एक नजर

## ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह में 10 बजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ईद-उल-फितर की नमाज आज ईदगाह में सुबह 10 बजे अदा की जाएगी।

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में ईद-उल-फितर की नमाज आज शनिवार को सुबह 10 बजे अदा की जाएगी। संस्था के सदर असलम अंसारी उर्फ मंत्री ने बताया कि नमाज अपने निर्धारित समय पर जामा मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना कारी फरियाद हुसैन अदा कराएंगे। सदर ने क्षेत्र के लोगों से समय से पहले ईदगाह पहुंचने की अपील की है।

## दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन ने दी सभी को ईद की मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां कहा कि ईद आपसी भाईचारे और खुशियों का त्यौहार है। सभी लोग आपसी गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे से गले मिलें। अपने घरवालों, रिश्तेदारों के साथ ईद के दिन गरीबों का खास ख्याल रखें। गरीबों को भी खुशियों में शामिल करें। मिलजुल कर इसकी खुशियां आपस में बांटे। दरगाह पर ईद का चांद देखने के बाद मुफ्ती जईम रजा, मौलाना अबरार उल हक, मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी समेत शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग आदि ने सबको ईद की मुबारकबाद दी।

ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 10.30 बजे अदा की जाएगी। शहर में सबसे पहले दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद में सुबह 6.40 मिनट पर, दरगाह शाह शराफत अली मियां में 07 बजे, दरगाह ताजुश्शरिया में 7.30 बजे, खानकाहे वामिकिया 8.15, दरगाह बशीर मियां में 8.30, किला की जामा मस्जिद, खानकाह ए नियाजिया, दरगाह शाहदाना वली, नौमहला मस्जिद में 9.30 बजे और सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में 11.00 बजे अदा की जाएगी।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अप्रैल माह में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आलोक कुमार ने की।

इस दौरान एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप अभियान से जुड़ी गतिविधियां संचालित करने तथा माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा, जबकि 10 अप्रैल से दस्तक अभियान भी शुरू होगा।उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक करेंगी और विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग भी करेंगी।बैठक में फतेहगंज पश्चिमी सीएचसी से डॉ. मयंक सागर, बीडीओ आनंद विजय यादव, बीपीएम पुनीत सक्सेना, प्रतिरक्षण अधिकारी धनेश्वर गिरि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बहेड़ी के जतिन सिंह ने रचा सफलता का इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के बालाजी पुरम निवासी मेधावी छात्र जतिन सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर एक साथ कई प्रतिष्ठित बैंकिंग परीक्षाओं में सफलता हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। जतिन सिंह का चयन आरआरबी पीओ, एसबीआई क्लर्क एवं आईबीपीएस क्लर्क परीक्षाओं में हुआ है, जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



**आरआरबी पीओ, एसबीआई क्लर्क व आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर**

जतिन सिंह, राजेन्द्र सिंह के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एसीसी स्कूल बहेड़ी से हाईस्कूल तथा मिशन एकेडमी से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया। इसके पश्चात उन्होंने गन्ना उत्पादक कॉलेज बहेड़ी से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। जतिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, परिवार के सहयोग और स्वयं की मेहनत को दिया है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी चंडीगढ़ स्थित 'कंपीटिशन गुरु' कोचिंग संस्थान से ऑनलाइन माध्यम से की। जतिन की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों, मित्रों एवं रिश्तेदारों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## लैब टेस्टिंग में 11 फर्मों के सैंपल फेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** स्मार्ट सिटी में विकास के नाम पर बिछाई जा रही सड़कों और नालियों के नीचे दबे भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने लगी हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की ओर से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कराई गई जांच में इसका खुलासा हुआ है। 17 प्रमुख फर्मों के कार्यों की लैब टेस्टिंग कराई गई थी, इनमें 11 फर्मों का काम निर्धारित मानकों की कसौटी पर खरा नहीं उतरा। इसपर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए न केवल भारी जुर्माना लगाने, बल्कि ऐसी फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इससे ठेकेदारों में खलबली मची हुई है।

**नगर आयुक्त ने परखी थी 17 फर्मों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता**

बता दें कि, पिछले दिनों शहर में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए नगर आयुक्त खुद फील्ड में उतरे थे। जांच के दौरान कई स्थानों पर सड़क और नालियों का निर्माण इतना घटिया पाया गया कि हाथ लगाते ही पोल खुलकर सामने आ गई। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी और इंजीनियरों की टीम के सामने नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से मानक विहीन सड़कों और नालियों को दोबारा खोदने के निर्देश दिए थे। बताया गया कि पहले चरण में 30-30 लाख रुपये की लागत वाले उन कार्यों को निशाने पर लिया गया, जो नगर निगम निधि, 15 वें वित्त आयोग और एनकैप परियोजना के तहत कराए गए थे। जांच में मैसर्स गिरीश पाराशरी, कुंवर कंसट्रक्शन, एसपीएस कंसट्रक्शन, सूरी डेवलपर्स, कुमार एंड कंपनी, एपी कंसट्रक्शन, अंजनी बिल्डर्स, एमबी कंस्ट्रक्शन और एसपी कंस्ट्रक्शन जैसी फर्मों के कार्य अधोमानक पाए गए। यानी निर्माण में सीमेंट और कंक्रीट की जगह केवल खानापूर्ति की गई। इन फर्मों पर अब न केवल जुर्माने की तलवार लटक रही है, बल्कि भविष्य में इनके ब्लैकलिस्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है। नगर आयुक्त की इस कार्रवाई ने ठेकेदारों के उस सिंडिकेट को हिला दिया है, जो अब तक रसूख के दम पर घटिया निर्माण को फाइलों में "ओके" कराते आए थे। दूसरे चरण में उन दिग्गज फर्मों के कार्यों की लैब टेस्टिंग होगी, जो खुद को जांच की आंच से ऊपर मानती रही हैं। यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं मिला तो कार्रवाई तय है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि विकास कार्यों में मानक विहीन सामग्री का उपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लैब टेस्टिंग में जिन 11 फर्मों के नमूने फेल हुए हैं, उन पर भारी जुर्माना लगाने और ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

घटिया सड़कों को उखाड़कर दोबारा बनवाया जाएगा। जनता के पैसे की बंदरबांट करने वाले ठेकेदारों और इसमें संलिप्त संबंधित अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई तय है।

# एसडीएम ने कस्बा रिछा में ईदगाह-मस्जिदों का किया सुरक्षा निरीक्षण

**■ देवरनियां पुलिस रही पूरी तरह सतर्क**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ईद-उल-फितर के पावन पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कोतवाली देवरनियां पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहा। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

इस वर्ष ईद का त्यौहार आज शनिवार को मनाया जा रहा है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है और लोग खरीदारी में व्यस्त हैं, वहीं प्रशासन भी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में लगा हुआ है।

निरीक्षण के दौरान कस्बा रिछा में एसडीएम इशिता किशोर ने विशेष रूप से ईदगाहों और मस्जिदों का जायजा लिया। उन्होंने वहां साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, पार्किंग और नमाजियों के आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने भी देवरनियां, गिरधरपुर सहित आसपास के गांवों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया।

पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों, कमेटी सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान सभी लोग पूर्व से चली आ रही परंपराओं के अनुसार ही ईद मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने यह भी कहा कि ईद का त्यौहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है।



जुमे की अलविदा की नमाज के मद्देनजर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी अपनी टीम के साथ संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त करते रहे और मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई, जिससे आम लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

कोतवाली देवरनियां पुलिस और प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना हुआ है, जिससे लोगों में त्योहार को लेकर उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिल रहा है।

# मस्जिदों में अदा हुई अलविदा की नमाज



**■ मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रमजान माह के आखिरी जुमे पर कस्बे सहित क्षेत्र की सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। लोगों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चौन, तरक्की और भाईचारे के लिए खास दुआएं मांगीं।

कस्बे की जामा मस्जिद में पेशे इमाम कारी/मौलाना फरियाद हुसैन ने नमाज अदा कराई। वहीं मोती मस्जिद में मौलाना आबिद हुसैन और अशर्फी मस्जिद में कारी मौलाना मोहम्मद नईम ने नमाज अदा करायी। नमाज के दौरान मस्जिदों में खासी भीड़ देखने को मिली और लोग अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाकर दुआ करते नजर आए। वहीं उलेमाओं ने रमजान के महत्व पर रोशनी डालते हुए लोगों से आपसी भाईचारा, सद्भावना और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। इसके साथ ही देहात क्षेत्र में भी अलविदा की नमाज अदा की गई। शान्ति पूर्ण तरीके से नमाज सम्पन्न हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# अकीदत के साथ अदा हुई जुमा अलविदा की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार जुमा अलविदा की नमाज कस्बे एवं थाना क्षेत्र के गांवों में अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस वर्ष रमजान के पूरे 30 रोजे होने के कारण पांच जुमे पड़े, जिससे आखिरी जुमे का विशेष महत्व रहा।कस्बे की सभी प्रमुख मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में नमाज अदा कर देश में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी।



मीरगंज की जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, अजहरी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में नमाज के दौरान भारी भीड़ उमड़ी।वहीं थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी, टिटौली और भूड़ मढ़ौली,शाही के मोती मस्जिद दुनका में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसडीएम आलोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी हाईवे आईपीएस आशुतोष शिवम एवं थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने ईदगाह का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व चौकी प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती गई। मस्जिदों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

प्रशासन की सजगता और लोगों के आपसी सहयोग से जुमा अलविदा की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।बताया गया कि शनिवार को ईद की नमाज ईदगाहों और मस्जिदों में निर्धारित समय पर अदा की जाएगी।

# मीरगंज में बिजली व्यवस्था चरमराई, सांसद से लगाई गुहार

**■ ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने, नया उपकेंद्र बनाने व स्टाफ बढ़ाने की उठी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लगातार हो रही बिजली कटौती, कम क्षमता के ट्रांसफार्मर और विभागीय लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने सांसद को प्रार्थना पत्र भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।समाजसेवी ग्राम मनकरा निवासी विशाल कुमार ने सांसद को पत्र लिखकर मीरगंज क्षेत्र की जर्जर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने की अपील की है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र के अनेक गांवों में कम क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे होने के कारण विशेषकर गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। मीरगंज ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पर लगभग 29 हजार उपभोक्ताओं का भार है, जबकि इसकी क्षमता अपर्याप्त है। लंबे समय से नए उपकेंद्र के निर्माण का प्रस्ताव लंबित है, लेकिन भूमि परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी न होने से कार्य शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग में स्टाफ की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया है। बताया गया कि 9 फीडरों के संचालन के बावजूद मात्र 8 लाइनमैन कार्यरत हैं, जबकि नियमों के अनुसार प्रत्येक फीडर पर कम से कम तीन लाइनमैन होने चाहिए। कर्मचारियों की कमी के चलते फाल्ट ठीक करने में देरी होती है और उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ती है।इसके साथ ही विभाग पर मनमाने तरीके से अधिक बिजली बिल भेजने का आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि गलत बिलिंग के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिल संशोधन के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत भी प्रार्थना पत्र में की गई है।पत्र में मनकरा, नंदगांव, सुजातपुर, रईया नगला, लभारी, चुरई दलपतपुर, नौसना, कुल्छा खुर्द, बहादुरपुर कुंडा और गुगई सहित कई गांवों में लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की गई है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नए सब स्टेशन स्थापित करने की भी आवश्यकता जताई गई है, ताकि लोड का संतुलन बना रहे और आपूर्ति सुचारू हो सके।

# सीएम योगी के दौरे को लेकर बीडीए एक्शन मोड में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने अपनी विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने की की रफ्तार तेज कर दी है, ताकि मुख्यमंत्री के समक्ष विकास का एक भव्य और सुव्यवस्थित खाका पेश किया जा सके।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के संचालकों के साथ अधूरी परियोजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति पर बिंदुवार चर्चा की गई।

इस दौरान कार्यदायी एजेंसियों को दो-टूक हिदायत दी गई कि निर्माण की गति बढ़ाने के चक्कर में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्य अभियंता एपीएन सिंह ने बताया कि परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिसके तहत देरी से चल रहे कार्यों को शक्रिटिकलश श्रेणी में रखकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

बीडीए के आला अधिकारियों का पूरा जोर इस बात पर है कि मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान शहर का बुनियादी ढांचा और सौंदर्यीकरण पूरी चमक के साथ दिखाई दे।

बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि रामायण वाटिका जैसी सांस्कृतिक महत्व की परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के हाथों इनका लोकार्पण प्रभावी ढंग से हो सके।

# पूर्व प्रधान की दुकान में भीषण आग

**■ लाखों का सामान जलकर राख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया में शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे एक परचून की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से गांव में हड़कंप मच गया।



जानकारी के अनुसार गांव निवासी महिपाल, जो पूर्व प्रधान भी हैं, की परचून की दुकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ग्रामीण आग पर काफी हद तक काबू पा चुके थे। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि पीड़ित महिपाल का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जिसमें लाखों रुपये का सामान जलने की बात सामने आ रही है।

# संदिग्धावस्था में महिला की मौत, मायके वालों ने लगाया जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार की शाम लगभग 06 बजे थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर डाल में एक महिला मेहताब जहां (27) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को यासिर व रिहान निवासी मौहम्मदपुर बाबई अपनी बहन मेहताब जहां के घर ईद की त्योहारी देकर आये थे। लगभग शाम 06 बजे ससुरालियों द्वारा मेहताब जहां की तबीयत खराब होने की सूचना पर बड़ा भाई अरमान व ताऊ असगर फतेहपुरडाल पहुंचे तो घर में मेहताब जहां मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली तथा घर के सभी पुरुष फरार थे, घर पर सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थीं। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर बाबई निवासी जफरूद्दीन ने अपनी बेटी मेहताब जहां (27) की शादी कोरोनाकाल के समय थाना कुढ़फतेहगढ़ के



गांव फतेहपुर डाल निवासी शमशाद अहमद के बेटे मुजम्मिल के साथ की थी। मेहताब जहां पर तीन बच्चे हैं जिसमें एक नवजात शिशु अभी डेढ़ माह का है। महिला के पिता शमशाद अहमद ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताडिघ्त करने का आरा.ेप लगाया है जिसमें आठ महीने पूर्व ससुराल वालों से नरौली पुलिस चौकी पर समझौता भी हुआ था। गुरुवार की सुबह 10 बजे करीब महताब के दो छोटे भाई यासिर व रिहान ईद की त्योहारी देने गये थे, दोपहर बाद महताब ने हंसी खुशी अपने भाईयों को विदा किया परन्तु शाम 6 बजे करीब बेटी तबियत खराब होने की बात कहते हुए फोन पर सूचना दी। सूचना पर फतेहपुरडाल गांव पहुंचे बड़ा भाई अरमान व ताऊ असगर को घर में मेहताब जहां मृत अवस्था में मिली तथा घर से सभी पुरुष गायब थे केवल महिलाएं ही मौजूद थीं। मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भर कर रात्रि में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ईद को लेकर बाजारों में रही खरीदारों की भीड़

**चन्दौसी।** ईद का त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। कपड़ा, जूते-चप्पल, सेवइयां, सूखे मेवे और सजावटी सामान की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। खासकर शाम के समय बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे मुख्य बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों में दुकानदारों ने ईद को लेकर विशेष तैयारियां की हैं। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और नए-नए डिजाइनों के कपड़े व अन्य सामान उपलब्ध कराए गए हैं। बच्चों और युवाओं में ईद की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं मिठाई और सेवइयों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है। लोग अपने घरों में मेहमानों के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## एक नजर

### बारिश पड़ते ही रसूलपुर बिजली घर की बिजली गुल, शाम को हुई चालू

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बारिश पडते ही रसूलपुर बिजली घर को मिलने वाली 33 हजार की लाइन में फाल्ट हो गया जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई विभाग के कर्मचारियों ने दिनभर की मसक्कत के बाद शाम को बिजली चालू की मगर इसके बाद एक फेस गायब हो गया जिससे लोगों के घरों में फिर अंधेरा छा गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग से की लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसको भी ठीक नहीं किया गया जिसके चलते कुछ लोगों को बिजली मिली और काफी बड़े हिस्से को बिना बिजली के ही रहने को मजबूर होना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक काफी हिस्से की बिजली चालू नहीं हो पाई थी।

### द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेले में मानव रूपी कुंभकरण को जगाने का किया काम




कांठ(शाह टाइम्स) द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेले के दूसरे दिन कुंभकरण तुल्य सोए हुए मानव को जगाने हेतु। 4:00 बजे से 6:00 तक ज्ञान युक्त 3क शो का आयोजन किया गया एवं नवरात्रि के उपलक्ष में नवदुर्गा झांकी ज्ञान योग पद प्रदर्शनी का दर्शन किया गया 30 फीट का शिवलिंग व 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन हुए द्य राजयोगी ब्र०कुमार बीके शरद भाई ने मेले के उद्देश्यों के बारे में बताया। राजयोगिनी ब्र०कु०प्रभा दीदी, ब्र०कुमारी बीके रीना दीदी, बीके सोना, बीके कीर्ति, बीके सर्वेश, बीके आकांक्षा, ब्र० कुमारी दीपमाला बिश्नोई, ब्र० कुमारी ममता बिश्नोई ब्र0 कुमारी शशि, जगराज जी, विनीत बिश्नोई व अन्य उपस्थित व्यक्तियों ने पहुंच कर परमात्मा शिव का परिचय जाना व झांकियों का आनंद लिया।

### रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर मारपीट महिला ने चार के खिलाफ कराई एफआईआर

कांठ(शाह टाइम्स) रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर कार सवारों ने हमला कर दिया महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना छजलैट के गांव कूड़ा मीरपुर निवासी महिला अपने देवर और सास के साथ रवाना से दवाई लेने जा रही थी आरोप है की हादी पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे तो रास्ते में बेरमपुर निवासी आजम सरफराज अजहरुद्दीन और शोएब गाड़ी लेकर खड़े थे महिला के देवर नदीम में इनसे गाड़ी हटाने को कहा तो अजहरुद्दीन व शोएब ने मारपीट और छेड़छाड़ शुरू कर दी देवर ने विरोध किया तो अजहरुद्दीन और उनके साथियों ने उसके सिर पर धारदार चाकू से बार कर दिया जिसमें वह घायल हो गया गांव के खुर्शीद और नावेद अचानक आए तो यह लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए महिला की शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### पुलिस की कार्रवाई: शांति व्यवस्था भंग करने पर चार लोग हिरासत में

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 20 मार्च 2026 को कुल 4 व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरा.ेप में हिरासत में लिया गया। इन सभी को संबंधित धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 170/126/135 के अंतर्गत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। थानावार कार्रवाई की बात करें तो थाना भगतपुर क्षेत्र से 2 व्यक्तियों और थाना कांठ क्षेत्र से 2 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस की यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### हवाओं के सथ तेज बारिश से किसने की बड़ी चिंता, मौसम हुआ सुहाना

**कुंदरकी।** शुक्रवार को मौसम ने बदली करवट तेज हवाओं के साथ बारिश हुई गेहूं की फसलों को हुआ नुकसान कटे हुए लेटे को भी भारी नुकसान है बताया जा रहा है।

बारिश पढ़ने से कटा हुआ सरसों को भारी नुकसान हुआ है। आलू की खेती को नुकसान बताया जा रहा है किसानों के माथे पर चिंता की लकीर नजर आ रही है उधर बारिश से ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है।

### भगवान झूलेलाल जयंती मनाई जल संरक्षण का दिया संदेश

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी समाज के पूजनीय देवता भगवान झूलेलाल (जल देवता) की जयंती सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने भगवान झूलेलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन ज्योति शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि माधव मिश्र ने भगवान झूलेलाल के जीवन और उनके संद.ेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान झूलेलाल ने वरुण देव के अवतार के रूप में अत्याचारी शासक मिरखशाह से न केवल सिंधी समाज की रक्षा की, बल्कि हिंदू धर्म की भी रक्षा की। उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल ने समाज को शांति, एकता, भाईचारा और सहिष्णुता का संदेश दिया। मुख्य वक्ता ने जल संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जल का दुरुपयोग न करें और छोटी-छोटी बचत के माध्यम से भी बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर शुद्ध जल की मात्रा सीमित है, इसलिए हमें इसे बचाने के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल के जन्म की कथा और उनके विभिन्न नामों दरियालाल, लाल साईं, जिंदा पीर आदि का भी उल्लेख किया गया। बताया गया कि उनका जन्म संवत 1007 में चौत्र शुक्ल द्वितीया को हुआ था, जो सिंधी समाज के नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रामकिशोर अग्रवाल, पंडित सुरेशचंद्र शर्मा, वेदराम मौर्य, गेंदनलाल, वर्षा गर्ग, रजनी वार्ष्णेय, प्रियंका गुप्ता, आरती वार्ष्णेय, खुशबू वार्ष्णेय, योगिता आदि मौजूद रहे।



# बारिश से हो सकता है सरसों और बो चुके गन्ने को नुकसान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में कल रात से हो रही हल्की वर्षा के कारण अचानक ठंड बढ़ गई है लोगों ने आज गर्म कपड़े भी निकाल लिए स अचानक हुई बारिश के कारण सरसों की फसल को भारी नुकसान होने की खबर है। रात तेज बारिश शुक्रवार को हल्की वर्षा के कारण ठंड बढ़ गई है किसानों ने बताया कि इस बारिश के कारण सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 21 मार्च को भी बारिश के आसार हैं।

इससे अधिकतम तापमान गिरकर 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि बीते दिनों यह 33 डिग्री तक था।रात के समय ठंडक बढ़ने से बच्चे व बुजुर्ग स्वेटर पहने नजर आए। लोगों ने पंखे बंद कर हल्की रजाई व कंबल निकाल लिए। मौसम में बदलाव के बीच किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। इस समय गेहूं की फसल में बालियां निकल आई हैं। यदि इस दौरान तेज बारिश और हवा चलती है तो



फसल गिरने का खतरा बना रहेगा, जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। 21 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने के कारण बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में तापमान में और गिरावट आ सकती है। हालांकि तेज वर्षा हुई तो फसलों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दो-चार दिन पहले बो चुके गन्ने में भी बारिश से जमाव के कम होने की संभावना है।

# ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस सतर्क, पाकबड़ा में किया पैदल गशत व ईदगाह का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हाईवे ने कस्बा पाकबड़ा में थाना पाकबड़ा पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की।

अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से संवाद भी किया तथा उनसे शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी, जिससे सभी लोग सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।

## नवरात्र का दूसरा दिन: मां ब्रह्मचारिणी की आराधना

**चन्दौसी।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ की गई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने व्रत रखकर मां ब्रह्मचारिणी का विधि-विधान से पूजन किया और सुख-शांति की कामना की। नवरात्र के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदि.रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, रायसत्ती मंदिर, मौलागढ़ काली मंदिर, रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, शीतला माता मंदिर, कंकाली देवी मंदिर और ब्रह्म बाजार के देवी गंगा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में फूल-मालाओं, रंगीन लाइटों और सजावटी झालरों से भव्य सजावट की गई है। ग्रामीण इलाकों में भी नवरात्र को लेकर खासा उत्साह है। मंदिरों में सुबह-शाम आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और जगरातों का आयोजन किया जा रहा है। 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से तप, त्याग और संयम की शक्ति प्राप्त होती है। नवरात्र के इन पावन दिनों में सच्चे मन से की गई आराधना से भक्तों की मनोक.ामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। हालांकि शुक्रवार को बारिश के कारण मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या कम रही।

# नारी सुरक्षा से लेकर शिक्षा तक, संगीता भार्गव बनीं समाजसेवा की मिसाल

**चन्दौसी।** समाजसेवा के क्षेत्र में संगीता भार्गव एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जिन्होंने बीते करीब 25 वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए लगातार कार्य किया है। स्टेशन रोड निवासी संगीता भार्गव पेशे से एक प्ले स्कूल संचालिका हैं, लेकिन उनकी पहचान एक सक्रिय समाजसेविका के रूप में अधिक है। संगीता भार्गव महिलाओं से जुड़े मामलों में बेझिझक आगे आकर उनकी मदद करती हैं। परिवारों में विवाद होने पर वह काउंसिलिंग के माध्यम से रिश्तों को टूटने से बचाने का प्रयास करती हैं। पिछले लगभग 16 वर्षों में वह पुलिस परिवार परामर्श केंद्र और न्यायालय से जुड़कर 1500 से अधिक परिवारों की काउंसिलिंग कर चुकी हैं, जिससे कई घर बिखरने से बच पाए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। वर्तमान में वह 45 बालिकाओं की पढ़ाई का पूरा खर्च स्वयं वहन कर रही हैं। इनमें अधिकांश ऐसी बच्चियां हैं, जिनके



सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है या परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। इसके साथ ही उनके विद्यालय में कार्यरत लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं ऐसी हैं, जो या तो विधवा हैं या तलाकशुदा। संगीता भार्गव उन्हें रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही हैं। वह मिशन शक्ति अभियान के तहत पिछले छह वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वह सात वर्षों में एक हजार से अधिक पौधे रोपित कर चुकी हैं। संगीता भार्गव वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की सहायता, दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान के लिए भी निरंतर प्रयासरत रहती हैं। उनके इन सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा भी उन्हें महिला शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।

# पांच सौ से कम राशन कार्ड वाली दुकानों को किया जाएगा नजदीक वाली दुकान से अटैच

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रदेश में 500 से कम राशन कार्ड वाली उचित दर दुकानों (एफपीएस) का नजदीकी दुकानों में विलय या स्थानांतरण करने की तैयारी हो रही है। भारत सरकार ने इस संबंध में खाद्य एवं रसद विभाग को पत्र भेजा है, जिसमें ऐसी उचित दर दुकानों के पुनर्गठन की सलाह दी गई है। प्रदेश में फिलहाल ऐसी 52,218 दुकानें हैं, जिनसे 500 से कम राशन कार्ड संबद्ध है। मामले में प्रमुख सचिव एवं आयुक्त खाद्य एवं रसद रणवीर प्रसाद ने सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को संबंधित दुकानों के विलय, स्थानांतरण या पुनर्गठन करने और इसकी आख्या भेजने के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पोर्टलों पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर देश भर में प्रत्येक एफपीएस से जुड़े राशन कार्डों की संख्या का विश्लेषण किया है। इसमें सामने आया कि बड़ी संख्या में एफपीएस वर्तमान में 500 से कम राशन कार्डों के साथ काम कर रहे हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से अलाभकारी हो गए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि राशन कार्ड की संख्या कम होने से एफपीएस के संचालन की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जनसंख्या घनत्व, भौगोलिक निकटता और व्यावहारिकता के आधार पर उचित मूल्य दुकानों के युक्तिकरण के लिए कार्रवाई शुरू करने की सलाह दी गई है।

खाद्य एवं रसद आयुक्त की ओर से जिला पूर्ति अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि प्रदेश की नगरीय क्षेत्र की 5137 एफपीएस और ग्रामीण क्षेत्र की 47,081 एफपीएस पर 500 से कम राशन कार्ड सम्बद्ध हैं।

# ईद-उल-फितर को लेकर सुरजन नगर पुलिस सतर्क संदिग्धों पर पैनी नजर

**सुरजन नगर।** आगामी त्योहार ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। त्योहार के मद्देनजर सुरजन नगर चौकी प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करते हुए ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।श नमाजियो की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चौकी प्रभारी ने बताया कि ईदगाह स्थल के पास सड़क किनारे विशेष बैरियर लगाए जाएंगे, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और नमाजियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की सघन चे.किंग शुरू कर दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से संवे.दनशील स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।ईद की नमाज के दौरान बड़ी संख्या में जुटने वाले नमाजियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईदगाह पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान घ्राम मोहन शर्मा, नंदकिशोर, विपिन राजपूत, तथा अन्य पुलिस कर्मी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# टिमिट के 17 मेधावी विद्यार्थियों का ट्रेडइंडिया कंपनी में चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट का वर्तमान शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए अनेक सुनहरे अवसर लेकर आया है। शुरुआत से ही देश की नामी कंपनियाँ कैंपस में आ रही हैं और लगातार हमारे छात्र-छात्राओं को उच्च पैकेज पर अवसर प्रदान कर रही हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के उत्तम सिलेबस, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट टीम के मजबूत कॉरपोरेट संबंधों का परिणाम है। हाल ही में बहुप्रतिष्ठित कंपनी "ट्रेडइंडिया.कॉम (इन्फोकॉम नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड)" ने टिमिट के होनहार विद्यार्थियों एमबीए के अभिषेक जैन, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अनस, लवी शर्मा और प्राची यादव व बीबीए के अनुष्का परमार, भूमि जैन, दिव्यांशी भटनागर, गौतम कुमार, गायत्री कुमारी, हर्षिता गुप्ता, कशिश सक्सेना, माणिक चौहान, मोहम्मद जकी, नादिर खुर्शीद, नीतीश कुमार और उज्जवल शर्मा को रिलेशनशिप मैनेजर व असिस्टेंट मैनेजर के पद पर चयनित किया है। चयनित विद्यार्थियों को नोएडा में नियुक्ति प्रदान की गई है। इन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा आयोजित ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू और स्किल असेसमेंट टेस्ट जैसी सख्त प्रक्रिया के बाद हुआ। यह सफलता दर्शाती है कि टिमिट के विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सक्षम हैं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, कम्युनिकेशन स्किल और कॉरपोरेट कल्चर के अनुरूप दक्षता भी रखते हैं। कॉलेज का मानना है कि शिक्षा का असली उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें करियर के सही मार्ग पर अग्रसर करना है। फैकल्टी द्वारा लगातार मेंटॉरशिप, करियर काउंस.लिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल ट्रेनिंग ने इन




विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चयन के साथ टिमिट कॉलेज ने एक बार फिर साबित किया है कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे अपने उज्ज्वल करियर से संस्थान का नाम और रोशन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट छात्रों, कार्पोरेट जगत व अभिभावकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाता रहेगा व गुणवत्ता परक रोजगार परक शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करता रहेगा। टिमिट के छात्र छात्राओं को बेहतरीन प्लेसमेंट प्राप्त होने पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आशीर्वाद दिया और कहा कि हमारे छात्र-छात्रायें वैश्विक स्तर पर टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन करें और नई तकनीक व खोज दुनिया को प्रदान करें। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर व डायरेक्टर अरुण कुमार ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व विद्यार्थियों को कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो मजदूरों की मौत

## खेत में गन्ना छील रहे थे, दो की हालत गंभीर, हादसे से मचा हड़कम्प, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजे शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बिजली की चपेट में आकर दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर घायल हो गए। हादसा शुक्रवार सुबह अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में गांव गजाना-बागड़पुर के पास हुआ। चारों मजदूर खेत में गन्ना छील रहे थे कि अचानक आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप गया। मृतक 46 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह उर्फ कलुआ गांव गजाना व 32 वर्षीय नरेश बिहार का निवासी था। जानकारी पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों मजदूरों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह गजाना निवासी मुन्नी देवी के खेत में जयवीर सिंह, धर्मेंद्र उर्फ कलुआ, नरेश और भूरे खां गन्ना छील रहे थे। करीब 8:30 बजे अचानक बूंदाबांदी के साथ आसमान में बिजली कड़कने लगी। जयवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेश और भूरे खां खेत के पास में बने मकान की ओर जाने लगे। तभी तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आकर धर्मेंद्र और नरेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जयवीर सिंह और भूरे खां घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर अमरोहा देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी शौकेंद्र बालियान के अलावा एसडीएम सदर, तहसीलदार व लेखपाल भी पहुंच गए। मृतक धर्मेंद्र के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, मृतक नरेश के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परि. जनों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया की जा रही है।



अमरोहा। पोस्टमार्टम हाउस पर गमजदा खड़े मृतक मजदूरों के परिजन।

# शराब दुकान पर पकड़ी ओवररेटिंग

## सेल्समैन व संचालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। आबकारी विभाग की गोपनीय जांच में जोया की कम्पोसिट मदिरा दुकान पर ओवर रेटिंग पकड़ी गई। निर्धारित मूल्य से दस रुपये अधिक कीमत पर शराब बेचने की पुष्टि के बाद सेल्समैन और दुकान संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आबकारी निरीक्षक चेतना पंवार ने बताया कि आयुक्त कार्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर जोया के मोहल्ला खेड़ा स्थित कम्पोसिट मदिरा दुकान पर 31 जनवरी की सुबह करीब 10:37 बजे टेस्ट परचेजिंग कराई गई। इस दौरान कैश प्रीमियम ग्रेन वोडका की बोतल पर दस रुपये अधिक वसूले गए। जबकि बोतल की निर्धारित कीमत 120 रुपये है और उसे 130 रुपये में बेचा गया। जांच में सामने आया कि दुकान पर मौजूद सेल्समैन संजीव कुमार निवासी देहरी जट थाना रजबपुर और संचालक पंकित प्रूथी निवासी मेरठ द्वारा जानबूझकर आबकारी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। यह कृत्य न केवल लाइसेंस की शर्तों के खिलाफ है, बल्कि ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी भी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सेल्समैन और दुकान संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मस्जिदों में उमड़े नमाजी, सुबह से ही नमाज की तैयारियों में जुटे थे मुस्लिम

# रिमझिम फुवारों के बीच अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अलविदा जुमे को अमरोहा शहर की जामा मस्जिद समेत जिले की अन्य मस्जिदें खचाखच भरी रहीं। बारिश के बीच मस्जिदों में जगह कम पड़ी तो नमाजियों ने भीगने की फिक्र किए बिना खुले आसमान के नीचे छतों पर सफें बिछाकर नमाज अदा की। वहीं, बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव और कीचड़ पसरी होने की वजह से नमाजी परेशानियों से जूझते हुए मस्जिदों तक पहुंचे। अल्लाह की बारगाह में सजदा करने के बाद दुनिया में अमन, मुल्क और कौम की खुशहाली के साथ भाईचारे की हाथ उठाकर दुआ मांगी। वहीं, सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। दोपहर करीब ढाई बजे जिले में सभी स्थानों से शांतिपूर्ण नमाज संपन्न होने पर जिम्मेदारों अफसरों ने राहत की सांस ली। रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुमा कहा जाता है। इससे पहले 23वें रोजे को पड़े जुमे को भी आखिरी जुमा माना गया था लेकिन ईद का चांद पूरे 30 दिन का होने से पाक महीने का आखिरी यानि 30वां रोजा शुक्रवार का रहा लिहाजा इस जुमे को भी अलविदा जुमा माना गया। ईद की तैयारियों में जुटे लोगों में 30वें और आखिर रोजे की सहरी से ही अलविदा जुमे की नमाज को लेकर जोश और जज्बा था लेकिन दिनभर होती रही बारिश ने उन्हें मायूस किया। जिसके चलते दोपहर 12 बजे ही शहर की जामा मस्जिद के अंदरूनी परिसर समेत लगभग सभी मस्जिदों के परिसर नमाजियों से खचाखच भर गए क्योंकि बीच में साढ़े 11 और 12 बजे के बीच में थोड़ी देर के लिए बारिश रुकने पर नमाजियों को मस्जिदों में जाने की जल्दी रही, ये ही वजह रही कि देखते ही देखते मस्जिदें खचाखच भर गईं लेकिन बिगड़ता मौसम भी नमाजियों के हौसला कम नहीं कर सका, मस्जिद के कवर एरिया में जगह नहीं मिलने पर नमाजियों ने खुले आसमान के नीचे छत्तों पर भीगते हुए नमाज अदा दी। वहीं, सड़कों पर कीचड़ होने से नमाजियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद सालिम ने नमाज पढ़ाई। शिया जामा मस्जिद में मौलाना डा. एहसन अख्तर सरोश की इमामत रही। मस्जिद तख्त सुलेमान (मदरसा शाही चबूतरा) में मुफ्ती तौहीद अख्तर की कयादत में लोगों ने नमाज पढ़ी। मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी की इमामत में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा जोया, डिडौली, कैलसा, रजबपुर, अतरासी व नौगावां सादात क्षेत्र में भी लोगों ने जोश और जज्बे के साथ अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाया। मुल्क में अमन-चौन, खुशहाली और कौम तरक्की और सलामती के लिए हाथ उठाकर दुआ की। वहीं, अलविदा जुमा की नमाज के चलते पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। जिले में सभी स्थानों पर नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा जुमा को मस्जिदे नमाजियो से फुल हो गई। अमन शांति व भाईचारा के लिए दुआ भी कराई गई। तहसील क्षेत्र में अलविदा जुमा को मस्जिदों में नमाज अदा कराई गई। मौसम खराब होने के बावजूद शहर में गजरौला रोड मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, नवाबान, काला शहीद, रहरा रोड, कुरेशियान, खंकर वाला कुआं, कनेटा रोड, लालबाग ऊंचा, संभल रोड, हिरन वाला आदि मोहल्लो में मौजूद मस्जिदों में जुमा अलविदा को नमाज अदा कराई गई। इसके अलावा सिहाली जागीर, अगरौला कलां, मछरई, आगापुर, बावनखेड़ी, कालाखेड़ा, हैबतपुर बंजारा, गंगवार, शंकर गढ़ी, जयतोली, सूतावली, बासका कलां, बासका खुर्द, पीपलोती कलां, पीपलोती खुर्द, बुरावली, ढवारसी आदि गांवो की मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज को अदा कराया गया। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सुबह से ही जुमा अलविदा की नमाज की तैयारिया की जा रही थी। बारिश होने के बावजूद शहर एवं देहात इलाके की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज को अदा करने के नमाजियों ने वक्त से पहले ही पहुंचना शुरू कर दिया था। जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमा अलविदा की नमाज को अदा कराया। मस्जिदों में मुल्क व कोम की तरक्की के लिए दुआ कराई गई। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। इस दौरान मुफ्ती मेराज अहमद ने बताया कि ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सुबह 7:45 पर अदा की जायेगी।





# देर रात तक बाजारों में खरीदारी को उमड़ी भीड़

## टोपी, कुर्ता, पजामा व इत्र की हुई खूब खरीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रमजान माह के आखिरी दिन बाजारों में खूब भीड़ रही। सुबह से हो रही तेज बारिश भी लोगों का उत्साह कम न कर सकी, बारिश हल्की होते ही लोगों ने बाजारों की तरफ रुख किया और जमकर खरीदारी की। ईद की सिवइयों से लेकर रेडीमेड कपड़ों व श्रृंगार के समानों की खूब बिक्री हुई जबकि टोपी, रूमाल, इत्र, सुरमा, जूते, चप्पल चूड़ी की दुकानों पर खरीदारी को रात भर भीड़ उमड़ी रही। महंगाई के बावजूद भी लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। सिलाई की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखी गई। बारिश से सड़कों पर पानी भर गया जिससे लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा और कारोबार भी कुछ हद तक प्रभावित हुआ। शुक्रवार को माहे रमजान के आखिरी दिन बाजारों में खरीदारी करने वालों की काफी भीड़ रही। हालांकि कुछ लोगों ने पहले ही खरीदारी कर ली थी। लेकिन सामान खरीदने से बचे कुछ लोगों ने शुक्रवार को अपनी जरूरत का सामान खरीदा। ईद पर कुर्ता पजामा और पठानी सूट युवाओं की पहली पसंद बने तो वही युवतियों के लिए बाजार में विभिन्न वैरायटी के सूट उपलब्ध रहे। इसके अलावा लखनवी व सीतापुरी टोपी भी युवाओं को खूब भा रही है जबकि सुगंधित इत्र की भी खूब सेल हो रही है। ईद पर वैसे तो मुस्लिमों में कई तरह के पकवान बनते है लेकिन सिवाई की मिठास का अपना अलग मजा है जिसको लेकर सिवाई की दुकानों पर भी भीड़ लगी है। देर रात तक बाजार दूधिया रोशनी में नहाए रहे और लोगों की भीड़ दुकानों पर खरीदारी को उमड़ी रही।

## त्यौहारों पर होगी ड्रोन कैमरों से निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ईद उल फितर और नवरात्रि के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करते हुए फ्लैग मार्च निकाला। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी के नेतृत्व में पुलिस एवं रैपिड एक्शन फोर्स ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। प्रशासन द्वारा शांति और भाईचारा का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी बढ़ाने और सामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। इस दौरान अधिकारियों द्वारा त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था सुरक्षा का भरोसा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने पर बल दिया गया। त्योहारों को देखते हुए गश्त और सीसीटीवी ड्रोन निगरानी बढ़ा दी गई है। ताकि माहौल शांतिपूर्वक बना रहा। आम जनता से अफवाह पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गति. विधियों की तत्काल पुलिस को जानकारी देने का आग्रह किया। इस दौरान कोतवाल राजेश कुमार तिवारी भी मौजूद रहे।

# चांद का दीदार होते ही आसमान में आतिशबाजी

## एक-दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शुक्रवार को ईद के चांद का दीदार हो गया। आसमान में चांद देखते ही लोगों ने ईद को खुशी में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। शहर की ईदगाह में शनिवार की सुबह 7.30 बजे नमाज होगी।

ईद को लेकर कई दिनों से बाजारों में खरीदारी का माहौल है। वही शुक्रवार की शाम को ईद का चांद देखने के लिए लोग घरों की छत पर चढ़ गए, देर रात चांद का दीदार हुआ, इसके बाद दूसरे शहरों में चांद दिखने की खबर आने लगी। मस्जिदों से इमामों ने शनिवार को ईद मनाने का ऐलान किया। घरों मे जोर शोर से तैयारियां शुरू हो गई और महिलाएं पकवान बनाने में जुट गई। देर रात तक बाजार भी गुलजार रहे। बाजारों मे खास रौनक देखने को मिली। लोगों ने जमकर खरीदारी की महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने कपड़े जूते आदि सामान खरीदे। ईद की नमाज ईदगाह पर 7.30 बजे होगी जबकि आधे घंटे बाद आठ बजे जामा मस्जिद मे नमाज होगी।

# ट्रैक्टर छुड़ाने को थाने में काटा हंगामा, 25 पर मुकदमा

## पुलिस दबाव बनाने की कोशिश हुई नाकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर थाना क्षेत्र में पुलिस पर अनुचित दबाव बनाने का प्रयास किया गया है। मिट्टी खनन में जब्त एक ट्रैक्टर को छुड़वाने के लिए थाने में हंगामा और नारेबाजी करने के आरोप में 10 नामजद और 15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना 18 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे रजबपुर थाना परिसर में हुई। आरोप है कि कुशल पुत्र झोंडा (सदरपुर, रजबपुर), हर्षित पुत्र कालेन्द्र (टीचर कॉलोनी, गजरौला), धर्मेंद्र (जगुआ खुर्द, रजबपुर), जगतपाल (खादनगलिया), वीरपाल पुत्र तुलसी (सुदनपुर), मनोज (जैगुआ खुर्द), मोहन बेनीवाल (अहरोई, अमरोहा देहात), मुकेश पुत्र महेंद्र (सुदनपुर, रजबपुर), कुलदीप पुत्र भगवंत (घंसूरपुर, रजबपुर) और रामपाल (रसूलपुर, रजबपुर) सहित 15 अज्ञात व्यक्ति थाने पहुंचे। ये सभी लोग खनन अधिकारी द्वारा मिट्टी खनन में जब्त किए गए ट्रैक्टर को छुड़वाने के इरादे से आए थे। उन्होंने पुलिस पर अनुचित दबाव बनाने के लिए नारेबाजी की और हंगामा किया, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। थाने में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने।आरोप है कि इसके बाद इन सभी व्यक्तियों ने बिना किसी अनुमति के रजबपुर थाना परिसर के अंदर वाली सड़क के बीचों-बीच बैठकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया, जिससे फरियादियों को काफी परेशानी हुई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप निरीक्षक नरेशपाल राणा की तहरीर पर 19 मार्च को करीब 1:14 बजे इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 221/132/ 126(2)/192/285 के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी रजबपुर कोमल तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# घरेलु सिलेण्डर की कालाबाजारी व रिफलिंग पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जिला पूर्ति अधिकारी ने संयुक्त टीम के साथ छापेमारी करके एक डेन्टर की दुकान से चार घरेलु गैस सिलेण्डर व रिफलिंग करने के उपकरण बरामद किए, जबकि डेन्टर टीम को देखकर दुकान छोड़कर भाग गया। आरोपी डेन्टर के विरूद्ध मण्डी धनौरा तहसील क्षेत्र के पूर्ति अधिकारी अमित कुमार की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

एक ओर तो आम उपभोक्ता गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं जबकि अवैध रूप से रिफलिंग करने वाले लोग घरेलु गैस सिलेण्डरों के माध्यम से ही रिफलिंग कर रहे हैं। नगर के चौपला स्थित एमडीए कॉलोनी के पास में स्थित मुश्ताक डेण्टर की दुकान पर अवैध रिफलिंग होने की जानकारी मिलने पर 18 मार्च की पूर्वान्ह 11:30 बजे जिला पूर्ति

### ■ पूर्ति विभाग ने की छापेमारी, आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

अधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी प्रथम, पूर्ति निरीक्षक नगर क्षेत्र एवं हसनपुर, कनिष्ठ सहायक की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। टीम को आता देखकर मुश्ताक तो मौके से भाग गया लेकिन उसकी दुकान से चार घरेलु गैस सिलेण्डर पाए गए, साथ ही अवैध रूप से रिफलिंग करने के उपकरण भी मिले। सभी सिलेण्डर व रिफलिंग के सामान को गैस एजेंसी के मैनेजर को सुपुर्द करते हुए सक्षम अधिकारी द्वारा जांच के समय मांगे पर जाने पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक मण्डी धनौरा अमित कुमार की तहरीर पर आरोपी मुश्ताक डेण्टर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मादक पदार्थ की तस्तरी में सवा साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में अदालत ने युवक को एक साल 3 महीने जेल की सजा सुनाई, दोषी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा था। साल 2016 में पुलिस ने नगर के मोहल्ला अल्लीपुर निवासी चमन को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस को उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ भी बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपी चमन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बाद में कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया था। दस साल से यह मामला अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाही के आधार पर अदालत ने चमन को दोषी माना।

# बारिश से ठंड ने लिया यू-टर्न, लोगों ने निकाले गर्म कपड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक सप्ताह पहले तक जहां कड़ी धूप ने गर्मी का एहसास कराना शुरू कर दिया था, वहीं अब मौसम ने अचानक करवट लेकर फिर से सर्दी का अहसास लौटा दिया है। रुक-रुक कर हो रही बारिश और बादलों की घेराबंदी ने तापमान गिरा दिया है, जिससे लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़े निकालने पड़े हैं।

बता दें कि मार्च का माह प्रारंभ होते ही तेज धूप और गर्मी होने लगी थी। लोग गर्मी का रौद्र रूप देखकर यह भी कहने लगे थे कि इस बार सीजन में गर्मी ज्यादा पड़ेगी, लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम ने यू-टर्न लेते हुए फिर से ठंडक का अहसास दिलाया है। शुक्रवार को सुबह से हुई तेज बारिश और ठंडी हवाओं के कारण मौसम में ठंड बढ़ गई। लोगों ने अपने स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े गर्मी के कारण पैक करके रख दिए थे, वे भी पुन: निकालने पड़े। वहीं स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को बारिश के बावजूद घरों से निकलना पड़ा। सड़कों पर कीचड़ और नगर की सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति से आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ा।



## बारिश व हवाओं से ढही गेहूं की फसल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। बारिश व तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल ढ़हने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं हैं। यदि मौसम ठीक नहीं हुआ तो किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि गेहूं की फसल अब लगभग पककर तैयार हो चुकी है।

## सात घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। मौसम खराब होने का असर विद्युत व्यवस्था पर भी देखने को मिला। सुबह से लेकर दोपहर तक करीब सात घंटे तक विद्युतापूर्ति ठप रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न होने के कारण समसर्बिसल भी नहीं चल सके और लोगों को पेयजल के लिए भी परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि शुक्रवार को मौसम काफी खराब रहा। सुबह से ही बारिश होने लगी थी। तेज हवाएं चलने से तार आपस में टकराने और पेड़ों की टहनियां टूटकर लाइनों पर गिरने के कारण फाल्ट होने लगे और सुबह के करीब सात बजे बिजली चली गई। इस के बाद दोपहर के दो बजे तक बिजली नहीं आई। एक बार बीच में जैसे ही विभाग ने आपूर्ति चालू की त्यों ही तेज फाल्ट हो गया। बिजली कर्मचारी घंटो तक विद्युत लाइनों पर गिरीं पेड़ों की टहनियों के हटवाने के लिए पैट्रोलिंग करते रहे। दोपहर में लाइट आने के बाद ही लोगों को राहत की सांस ली मिली।

गर्दिश में सितारे

# जैक एडवर्ड्स आईपीएल-2026 से बाहर



● जैक एडवर्ड्स को नीलामी में एसआरएच ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था


**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर की चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं।

25 वर्षीय एडवर्ड्स को नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस सीजन में वह अपना आईपीएल डेब्यू कर सकते थे, जिसके लिए उन्हें अब इंतजार करना होगा। वह 2025 की नीलामी में साइन किए जाने वाले इकलौते अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी थे। एडवर्ड्स का बीबीएल 2025-26 सीजन काफी अच्छा रहा था, जिसमें उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए थे और 133 रन भी बनाए थे। उन्होंने सिक्सर्स के बीबीएल फाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स से हारने के चार दिन बाद पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया, लेकिन यह प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। उन्होंने दो ओवर में 25 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया और छह गेंदों में सिर्फ 5 रन बना पाए। तब से उन्होंने अपनी राज्य की टीम न्यू साउथ वेल्स के लिए दो शेफील्ड शील्ड मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच गुरुवार को ही समाप्त हुआ। यह एसआरएच के लिए एक और बड़ा झटका है।

## हेजलवुड, स्टार्क और नेथन पर भी संशय

**सीए आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख बॉलरों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है**







**चेन्नई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड के अपनी टीमों के शुरुआती आईपीएल मैचों के लिए उपलब्ध रहने की संभावना कम है, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है।

इसका मतलब है कि स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और हेजलवुड (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जो आगामी आईपीएल सीजन के कुछ हिस्से या पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पैट कमिंस पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों से बाहर हो चुके हैं, जबकि जैक एडवर्ड्स (सनराइजर्स हैदराबाद) भी शुक्रवार को पूरी तरह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नेथन एलिस (चेन्नई सुपर किंग्स) के भी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर होने की प्रबल संभावना है।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलियाई समर में सिर्फ एक टेस्ट खेला था। दिसम्बर में खेला गया तीसरा एशेज टेस्ट, जुलाई 2025 के बाद उनका एकमात्र मैच था। उन्होंने इस टेस्ट मैच से पहले और बाद में अपनी पीठ की स्ट्रेस चोट को मैनेज किया। वहीं, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग समस्या के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। हेजलवुड ने पिछले साल घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ सीमित ओवर के कुछ मैच खेले थे, साथ ही नवम्बर में एक शेफील्ड शील्ड मैच में भी हिस्सा लिया था। लेकिन पिछले कई महीनों में वह ज्यादातर समय बाहर ही रहे हैं। स्टार्क एशेज में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य गेंदबाज रहे। उन्होंने सभी पांच टेस्ट खेले और 31 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता था। वह सीजन के अंत में बीबीएल में भी खेले थे। स्टार्क टी-20 से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए वह फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप के लिए उपलब्ध नहीं थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले राउंड में ही बाहर हो गया। कमिंस और हेजलवुड भी उस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे।

# फर्ग्यूसन आईपीएल के शुरुआती हिस्से से बाहर रहेंगे



● लॉकी फर्ग्यूसन जो हाल ही में पिता बने हैं, अपने परिवार को प्राथमिकता देंगे

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल 2026 के शुरुआती चरणों में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। फर्ग्यूसन, जो हाल ही में पिता बने हैं, टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में पंजाब किंग्स से जुड़ने और सर्दियों के दौरों के लिए 'ब्लैक कैप्स' (न्यूजीलैंड टीम) के साथ खेलने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देंगे।

द. अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले ऑकलैंड में फर्ग्यूसन ने कहा कि अभी-अभी मेरा एक छोटा बेटा हुआ है, मैं घर पर जितना हो सके उतना समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का आराम मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरणों में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए बाहर जाऊंगा। ब्लैक कैप्स के लिए खेलना हमेशा खुशी की बात होती है, मुझे भारत में टीम के साथ बिताया गया समय बहुत पसंद आया, हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि सीजन की शुरुआत में मुझे चोटों का सामना करना पड़ा। मैं सच में अपने देश में क्रिकेट खेलना चाहता था और अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भारत और श्रीलंका में हुए 2026 टी-20 विश्व कप के दौरान फर्ग्यूसन ने कुछ दिनों की 'पैटर्निटी लीव' (पिता बनने पर मिलने वाली छुट्टी) ली थी।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### ऑस्ट्रेलिया में पहले राउंड के बाद दीक्षा संयुक्त 8वें स्थान पर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** पार-71 सैंक्चुअरी कोव गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हो रही ऑस्ट्रेलियन डब्ल्यूपीजीए चैंपियनशिप के पहले राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे रहीं। उन्होंने 4-अंडर 67 का मजबूत शुरुआती राउंड खेला और लीडरबोर्ड पर संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर रहीं। वह लीडर केल्सी मैकडॉनल्ड (64) से चार शॉट पीछे हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती राउंड के साथ एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया है। हिताशी बख्शी का शुरुआती राउंड भी काफी अच्छा रहा( उन्होंने 2-अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपने हफ्ते की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (72) और वाणी (73) हैं, जिनके लिए हफ्ते की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही।

### खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में 3800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**रायपुर, वार्ता।** रायपुर में बुधवार से शुरु होने वाले खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में देशभर के 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को रायपुर संभाग कार्यालय में बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल और कोटा स्टेडियम सहित प्रमुख खेल स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा भी लिया गया। 25 मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और उनके साथ आने वाले स्टाफ की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# थाईलैंड पहुंची भारतीय महिला टीम

● भारतीय महिला टीम एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ पहला मैच खेलेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ शुक्रवार सुबह एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए थाईलैंड पहुंच गई। 20 साल बाद एशिया कप के लिए क्वालिफाई करने वाली 'यंग टाइग्रेस' टीम को 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ अपने पहले ग्रुप सी मुकाबले से पहले बैंकॉक की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए 13 दिन का समय मिलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे खेला जाएगा। इसके बाद भारत 5 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे चीनी ताइपे से भिड़ेगा। एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुपों में से दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। स्वीडन के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने जनवरी में आईडब्ल्यूएल के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया था। इसके बाद टीम ने स्वीडन में एक महीने का कैंप किया, जहां उन्होंने स्वीडिश क्लबों की सीनियर टीमों के खिलाफ पांच फेंडली मैच खेले। स्कैंडिनेविया से लौटने के बाद टीम ने कोलकाता में अपनी तैयारियां जारी रखीं, जहां से वह शुक्रवार तड़के थाईलैंड के लिए रवाना हुई। एलेक्जेंडरसन टूर्नामेंट के करीब अंतिम 23 सदस्ईय टीम की घोषणा करेंगे।

**एएफसी** अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 के लिए थाईलैंड गई भारत की 24 सदस्ईय टीम-

**गोलकीपर:** मोनालिशा देवी मोइरांगथेम, नंदिनी, रिबांसी जामू

**डिफेंडर:** अलका इंडवार, सिडी रेमरुआतपुई कोल्नी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, साहेना टीएच, शुभांगी सिंह, थोइबिसाना चानू तो. इजाम

**मिडफील्डर:** अंजू चानू काएनपाइबम, अरीना देवी नामेइ. रकपम, भूमिका देवी खुमुकचम, मोनिशा सिघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

# न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया



● न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है

**ऑकलैंड, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टॉम लैथम (नाबाद 63 ) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 22 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। टॉम लैथम को उनके शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में केशव महाराज ने डेवोन कॉन्वे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेवोन कॉन्वे ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाए। टिम रॉबिन्सन 17 रन बनाकर 17वें ओवर की पहली गेंद पर पगबाधा आउट हुए। उन्हें लुथो सिपामला ने आउट किया। टॉम लैथम ने 55 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली।

यह टी-20 में लैथम का चौथा अर्द्धशतक है। लैथम को 27 के स्कोर पर जीवनदान मिला था, जब डियान फॉरेस्टर ने एक आसान सा कैच टपका दिया। न्यूजीलैंड ने 16-2 ओवरों में दो विकेट पर 137 रन बनाकर मुक. ाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि यह डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के लिए इस सीरीज का आखिरी मैच है, बाकी दो मैचों में इन तीनों खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में तीन छक्के और एक चौका भी लगाया। जॉर्ज लिडे ने 19 गेंदों में (23), डियन फॉरेस्टर (17), गेराल्ड कोएत्जी ने (16) तथा टोनी डी जॉर्जी और कॉनर एस्टरहुइजन (15-15) रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स ने दो-दो विकेट लिए। लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, नीशम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अनाहत-अभय क्वार्टरफाइनल में



● अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई

**मुम्बई, वार्ता।** भारत की अनाहत सिंह, अभय सिंह और जोशना चिनप्पा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मौजूदा महिला चैंपियन और टॉप सीड अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा वालिद को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई। 17 साल की इस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और 3-0 से मैच जीत लिया। वहीं तन्वी खन्ना ने मिस्र की नूर खफागी के खिलाफ शांत और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन करके सबको प्रभावित किया। जहां खफागी ने हर गेम में जोरदार टक्कर दी, वहीं खन्ना ने अहम मौकों पर अपना संयम बनाए रखा और 3-0 से जीत हासिल की। अनुभवी खिलाड़ी और पांचवीं सीड जोशना चिनप्पा भी आयरलैंड की ब्रीएन फ्लिन को 3-1 से हराकर अगले दौर में पहुंच गईं। पुरुष वर्ग में, दूसरे वरीयता प्राप्त और पिछले साल के उपविजेता अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के मैथ्यू लाई को हरा दिया। शुरुआत में मुकाबला कड़ा होने के बावजूद, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने 3-0 से शानदार जीत हासिल की।

वीर चोत्रानी भी अगले दौर में पहुंच गए, क्योंकि उनके जर्मन प्रतिद्वंद्वी यानिक ओम्लोर को मैच की शुरुआत में ही चोट के कारण हटना पड़ा। हालांकि, मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी याह्या अल-नवासाणी अपने ही देश के इब्राहिम अल- कब्बानी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस परिणाम के बाद, अभय अब पुरुषों के ड्रॉ में सबसे ऊंची वरीयता वाले खिलाड़ी बन गए हैं। जोरदार प्रयास के बावजूद, वेलवन सेंथिलकुमार शांत और संयमित अमीशेनराज चंद्रन के सामने पिछड़ गए।

# दूसरे दौर में अल्काराज से भिड़ेंगे फोन्सेका



● प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने इस जीत के साथ फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी

**मियामी, वार्ता।** ब्राजील के जोआओ फोन्सेका ने गुरुवार को मियामी ओपन में एक बड़ी जीत हासिल करने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। फोन्सेका का दूसरे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज से मुकाबला होगा।

नेक्स्टजेनएटीपी स्टार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के पहले राउंड के कड़े मुकाबले में फैबियन मारोजसान को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। ब्राजीलियाई प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने एक घंटे 50 मिनट की इस जीत के साथ, फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी। यह इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला होगा। अल्काराज के साथ फोन्सेका का मियामी में यह मुकाबला, ब्राजीलियाई खिलाड़ी के जानिक सिनर के साथ पहले टूर-स्तरीय मुकाबले के ठीक बाद हो रहा है। पिछले हफ्ते इंडियन वेल्स में पहली बार मास्टर्स 1000 के चौथे राउंड में खेलते हुए, फोन्सेका ने सिनर को दो टाई-ब्रेक सेट तक कड़ी टक्कर दी थी।

प्रशंसक अब यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि 19 वर्षीय यह खिलाड़ी दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी अल्काराज के साथ अपनी पहली भिड़ंत में कैसा प्रदर्शन करता है, अल्काराज का इस सीजन में रिकॉर्ड 16-1 का है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन और दोहा में जीते गए खिताब भी शामिल हैं। अल्काराज का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर फोन्सेका ने कहा कि मैं निश्चित रूप से उत्साहित हूं। मुझे दूसरे खिलाड़ियों के बारे में तो नहीं पता, लेकिन मैं टॉप खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार करता हूं। पिछले टूर्नामेंट में मैं जानिक के खिलाफ खेला था, और अब मैं कार्लोस के खिलाफ खेल रहा हूं। यह एक बहुत ही शानदार अनुभव है, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और यह एक बेहतरीन मैच होने वाला है। उम्मीद है कि मैं जीत हासिल कर पाऊंगा।

ड्रॉ के ऊपरी हिस्से में, बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन ने एक 'मैच पॉइंट' बचाते हुए 2024 के फाइनलिस्ट ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6(3), 4-6, 7-6(6) से हरा दिया। कोलिग्नन ने निर्णायक सेट के 'टाई-ब्रेक' में 5-6 के स्कोर पर दिमित्रोव के 'मैच पॉइंट' को बेहद नाटकीय अंदाज में नाकाम कर दिया( उन्होंने 11 शॉट्स की एक लंबी 'रैली' को एक जोरदार 'फोरहैंड पास' के साथ अपने नाम किया। उस रैली के दौरान दिमित्रोव ने तीन 'वॉली' शॉट लगाए, लेकिन वे गेंद को कोर्ट से बाहर भेजने (पॉइंट हासिल करने) में नाकाम रहे। स्टेफानोस सित. सिपास ने ब्रिटिश खिलाड़ी आर्थर फेरी को 6-1, 7-6(4) से हराकर, पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के साथ दूसरे दौर में मुकाबले की राह बनाई। एटीपी हेड2हेड सीरीज में सितसिपास, डी मिनौर से 11-1 से आगे हैं। बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प ने डेनिस शापोवालोव को 7-5, 6-3 से हराया।

# महिला कीवी टीम ने द. अफ्रीका को छह विकेट से हराया



● सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया

**ऑकलैंड, वार्ता।** सोफी डिवाइन ( दो विकेट/नाबाद 55) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुक. ाबले में आठ गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18-4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुक. ाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (चार) और इजाबेला गेज (17) के विकेट जल्द ही गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर और सोफी डिवाइन की जोड़ी ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 10वें ओवर में नॉनकुलुलेको म्लाबा ने अमेलिया केर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अमेलिया केर ने 28 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रन बनाए। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रुक हॉलिडे (दो) रनआउट हुई। मैडी ग्रीन ने सोफी डिवाइन के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। सोफी डिवाइन ने 38 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं मैडी ग्रीन ने 25 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 34 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एनेरी डर्कसेन, अयंदा लुबी और एन म्लाबा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। ताजमिन ब्रिट्स (शून्य) और सुने लुस (तीन) रन बनाकर आउट हुई।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम न विंडीज को 43 रनों से हराया

**किंग्सटाउन, वार्ता।** बेथ मूनी (79) और अलाना किंग (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 43 रनों से हराया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। बेथ मूनी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी और मुकाबला 43 रनों से हार गई। कियाना जोसेफ और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। सातवें ओवर में अलाना किग ने हेली मैथ्यूज (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई शेमेन कैंपबेल ने कियाना जोसेफ के साथ पारी को संभाला और स्कोर को 76 के स्कोर तक ले गई। 12वें ओवर में किम ग्राथ ने कियाना जोसेफ को आउट कर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। कियाना जोसेफ ने 39 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 45 रन बनाए। अगले ही ओवर अलाना किग ने शेमेन कैंपबेल (15) और डिआंड्रा डॉटिन (शून्य) को आउटकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया। 20वें ओवर में स्टेफनी (28) और जाहजारा (शून्य) को वेयरहम ने आउट किया। चिनेल हेनरी 12 रन बनाकर नाबाद रही।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार रात खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 164 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

# फ्रांसेस्का जोन्स की विजयी शुरुआत

● फ्रांसेस्का जोन्स ने वीनस विलियम्स को सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से हराया

**अमेरिका, वार्ता।** ब्रिटेन की फ्रांसेस्का जोन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। ग्रैंडस्टैंड कोर्ट पर गुरुवार रात एक घंटा 51 मिनट तक चले मुक. ाबले में 25 वर्षीय गैर-वरीयता प्राप्त फ्रांसेस्का ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और टूर्नामेंट की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी वीनस विलियम्स की जोरदार चुनौती को पार करते हुए, पहले दौर का यह मुकाबला सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से जीत लिया।

एक्ट्रोडैक्टाइली एक्टोडर्मल डिस्प्लेजिया नाम की एक जेनेटिक बीमारी के साथ जन्मी, दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी जोन्स हर हाथ में तीन उंगलियों और एक अंगूठे के साथ खेलती हैं। इस बीमारी की वजह से उन्हें कई बार सर्जरी करवानी पड़ी है, लेकिन इसने उन्हें महिलाओं के टेनिस में अपनी छाप छोड़ने से कभी नहीं रोका। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में चोट के बाद खेल में वापसी करते हुए, जोन्स ने अपने पहले राउंड के मैच में विलियम्स की सर्विस को पांच बार तोड़ा। दोनों सेटों में 4-5 से पीछे होने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की और उत्साहित भीड़ के सामने एक यादगार जीत हासिल की। 45 वर्षीय टेनिस स्टार के कनाडा की लेयला फर्नांडीज के साथ महिलाओं के युगल मुकाबले में खेलने की उम्मीद है, जबकि जोन्स महिलाओं के एकल टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में पहुंच गई हैं, जहां उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। मैच के बाद फ्रांसेस्का ने कहा कि अगर वे दो महिलाएं (वीनस और सेरेना विलियम्स) न होतीं, तो मुझे पक्का नहीं पता कि मैं यह कदम उठा पाती या नहीं। उन्हीं की वजह से मैं आज यहां हूं। उन्होंने कहा कि मेरा यह साल अब तक बहुत मुश्किल भरा रहा है। मुझे कई चोटें लगी हैं और मैं अभी भी बीमार हूं। मुझे हर समय खांसी आ रही थी। मुझे चिंता थी कि कहीं मैं किसी दिग्गज खिलाड़ी को भी बीमार न कर दूं।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे पुलिस भर्ती का आरोप, अब सीओ जांच में खुलेंगे राज!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिले के किठौर थाना क्षेत्र से पुलिस भर्ती में बड़े फर्जीवाड़े की गूंज उठी है। गांव फतेहपुर नारायण का एक मामला सामने आया है, जिसमें आरोप है कि एक युवक ने जालसाजी के जरिए उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी हासिल कर ली। मामला खुलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और जांच सीओ (पुलिस उपाधीक्षक) को सौंप दी गई है। शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में दावा किया है कि आरोपी युवक ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर शैक्षिक प्रमाणपत्रों में हेरफेर की। आरोप है कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के दस्तावेजों में जन्मतिथि और अभिभावकों के नाम तक बदल दिए गए, ताकि भर्ती प्रक्रिया में फायदा मिल सके।

बताया जा रहा है कि युवक ने वर्ष 2023 की पुलिस भर्ती में आवेदन कर चयन भी हासिल कर लिया और वर्तमान में बरेली में ट्रेनिंग पर तैनात है। शिकायत में अभ्यर्थी के रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर समेत तमाम साक्ष्य भी सौंपे गए हैं, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। मामले के सामने आते ही अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और जांच सीओ स्तर के अधिकारी को सौंप दी। अब पूरे प्रकरण की गहन छानबीन की जा रही है, जिसमें दस्तावेजों की सत्यता और भर्ती प्रक्रिया में संभावित मिलीभगत की भी जांच होगी। इधर, गांव और आसपास के इलाकों में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर आरोप सही निकले तो भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा हो सकता है। अब सबकी नजरें सीओ की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, यह मामला सिर्फ एक युवक तक सीमित नहीं, बल्कि भर्ती सिस्टम की साख से भी जुड़ा हुआ माना जा रहा है।




# नशा मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य विषय पर सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ प्रेरक व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस एवं कला और सामाजिक विज्ञान संकाय के भाषा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'नशा मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य' विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ललित कला संकाय स्थित सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस के आईजी (सीआईडी) डॉ. अखिलेश कुमार निगम उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ जोन की एसपी (सीआईडी) अलका सिंह ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय की सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आर.के. जैन के स्वागत संबोधन से हुई। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि अलका सिंह ने छात्रों को जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को कानून के दायरे में रहकर सुरक्षित एवं सफल भविष्य बनाने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश कुमार निगम ने सरल एवं प्रभावी भाषा में छात्रों को नशे और अपराध से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के प्रति नागरिक कर्तव्यों को समझने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने पर विशेष बल दिया।




कार्यक्रम का समापन भाषा विभाग की अध्यक्षा एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। व्यापार बन्धु बैठक का संयोजन जितेन्द्र कुमार रमन, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर मेरठ द्वारा कराया गया। उक्त बैठक में व्यापार बन्धु से सम्बन्धित कुल 25 समस्याएं शामिल थी। जिसमे से 05 समस्याओं का निस्तारण व्यापारी हित में कराया गया तथा लम्बित समस्याओं के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों/नगर स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को सम्बंधित व्यापार मंडल को साथ लेते हुए संयुक्त रूप से भ्रमण करते हुए फोटो सहित समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम मेरठ, एसपी ट्रैफिक, मेरठ, यातायात निरीक्षक, मेरठ, ई.ई. आवास विकास परिषद, मेरठ, जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, मेरठ, उपाध्यक्ष मेरठ विकास प्राधिकरण, अधिशासी अभियंता आवास विकास परिषद, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि विभागों के अधिकारी एवं बैठक में विभिन्न व्यापार बन्धु एवं व्यापार मण्डल के विभिन्न पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

# सुभारती विवि में पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ, विद्यार्थियों में नेतृत्व व अनुशासन पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षा संकाय अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के सहयोग से बी.एल.एड. 8वें सेमेस्टर एवं बी.एड. 4 वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीमवर्क तथा सामाजिक सेवा की भावना का विकास करना है, ताकि भावी शिक्षक व्यावहारिक अनुभव के साथ समग्र व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें। उद्घाटन समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) संदीप कुमार ने स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनोज राज ने अपने संबोधन में स्काउट एवं गाइड आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, सहयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा का



विकास करती हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को शिविर की सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए स्काउटिंग एवं गाइडिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। यह शिविर डॉ. रागिनी श्रीवास्तव एवं वैशाली सैनी के समन्वयन में आयोजित किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्काउटिंग एवं गाइडिंग के व्यावहारिक पहलुओं को सीखने में गहरी रुचि दिखाई।

शिविर के पहले दिन स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षक श्री अभिषेक माथुर ने प्रतिभागियों को स्काउट एवं गाइड आंदोलन के मूल सिद्धांतों एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने टीमवर्क, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के महत्व को समझाते हुए विभिन्न प्रकार के क्लैप स्काउट क्लैप, वेलकम क्लैप एवं थैंक यू क्लैप का प्रदर्शन किया। बेहतर समन्वय के लिए विद्यार्थियों को पंजाब, हरियाणा एवं गुजरात समूहों में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक समूह को एक लीडर सौंपा गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को सामाजिक जागरूकता विषयों पर चार्ट तैयार कर प्रस्तुति देने का कार्य भी दिया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास एवं संचार कौशल का विकास हो सके। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को दैनिक गतिविधियों का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। प्रथम दिवस अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण रहा, जिसने आगामी सत्रों के लिए मजबूत आधार तैयार किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रूबी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी शिक्षकों, समन्वयकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। यह शिविर प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध एवं उपयोगी शिक्षण अनुभव सिद्ध होने की अपेक्षा है।

**मवाना में पत्रकार के साथ हुई मारपीट का मामला**

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना में एमडीए के कर्मचारियों द्वारा पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार व मारपीट की ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन संगठन निंदा करता है। वहीं मवाना के पत्रकारों के साथ हर कदम पर साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

बता दें कि मवाना में एमडीए द्वारा की गई कार्रवाई की कवरेज कर रहे पत्रकारों के साथ एमडीए के कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की थी जिससे पत्रकारो में भारी रोष है। इसे लेकर मवाना के पत्रकारों ने गुरुवार व शुक्रवार को मवाना थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी मामले को लेकर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक ऑनलाइन मीटिंग हुई जिसमें निंदा करते हुए कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी ने कहा कि ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन हर स्तर पर पत्रकारों के साथ है, इसके लिए मेरठ या लखनऊ तक भी धरना देना पड़ा तो साथ रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकारी कर्मचारी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान कर रहे हैं जो निंदनीय है। प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान व जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने भी आलोचना करते हुए कार्यवाही की मांग है। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्रीकांत अस्थाना, राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, राष्ट्रीय एडवाइजर मनोज कश्यप, लीगल एडवाइजर दीपक अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू दुबे, प्रदेश सचिव उस्मान अली, क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला महामंत्री लियाकत मंसूरी, मुमताज अली, विवेक त्यागी, पंकज शर्मा, रामकिशन, सहित अनेक साथियों ने निंदा करते हुए समर्थन देने की बात कही है। वहीं इस मामले में मवाना तहसील अध्यक्ष अजय ठाकुर व तहसील प्रभारी रजनीश विश्वकर्मा अपने दर्जनों साथियों के साथ धरने पर मौजूद हैं।

# आत्मनिर्भर भारत तभी संभव जब नागरिक स्वस्थ हों: राष्ट्रपति



**वृंदावन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को नगर के मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम के सचिव सुप्रकाश आनंद एवं सह सचिव कालीकृष्णानंद ने बुके देकर राष्ट्रपति का स्वागत किया।

इसके बाद राष्ट्रपति ने ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का लोकार्पण किया।रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने कहा कि आज कैंसर स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च–स्तरीय इलाज मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। लेकिन, कुछ परिवारों के लिए ऐसा लगता है कि उनकी आर्थिक परिस्थितियों के कारण, इस बीमारी का इलाज करवाना असंभव है।इसके बाद राष्ट्रपति वृंदावन स्थित नींव करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। राष्ट्रपति का आश्रम में आगमन देवी मंदिर की ओर से हुआ, जहां पर उनका स्वागत राधाकृष्ण पाठक, देवेन्द्र कुमार शर्मा और सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन संदीप भटेले ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हनुमान मंदिर के दर्शन किए। राष्ट्रपति ने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। हनुमान मंदिर की परिक्रमा लगाई। हनुमान मंदिर पर रामरूप पुजारी एवं टीसी शर्मा ने पूजा संपन्न कराई।हनुमान मंदिर के दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने नींव करौरी बाबा की समाधि स्थल व मंदिर के दर्शन किए। समाधि स्थल में उन्होंने पूजा की तथा समाधि स्थल की परिक्रमा लगाई। राष्ट्रपति को समाधि स्थल पर अभिषेक पुजारी एवं नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने प्रसाद, पटुका, नींव करौरी बाबा का फोटो एवं कम्बल भेंट किया। राष्ट्रपति ने महाराज की कुटिया के दर्शन किए। आश्रम स्थित संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने संपूर्ण संग्रहालय का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह उपस्थित रहे।इंसेटकृसंत प्रेमानंद महाराज से की भेंट, आध्यात्मिक संवाद कर लिया आशीर्वादराष्ट्रपति मुर्मू ने संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचकर उनसे आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने उन्हें ब्रज की भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण और समाज सेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संत समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।भेंट के दौरान संत प्रेमानंद महाराज ने राष्ट्रपति को आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं राष्ट्रपति ने भी देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में संतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# 48 घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़

## एजेंसी संचालक व मैनेजर पर मुकदमा दर्ज

**किठौर।** तहसील मवाना क्षेत्र के ग्राम ललियाना स्थित मैसर्स आलम इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का बड़ा मामला उजागर हुआ है। प्रशासन को मिली सूचना के आधार पर की गई जांच में अनियमितताएं सामने आने के बाद संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पूर्ति निरीक्षक अजय कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना किठौर में एजेंसी के प्रोपराइटर (स्वामी) और मैनेजर मुजीबुर रहमान के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3\7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि एजेंसी से 48 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी, जो कि स्पष्ट रूप से कालाबाजारी की श्रेणी में आता है। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान सिलेंडरों के वितरण और स्टॉक में गड़बड़ी पाई गई, जिससे कालाबाजारी की पुष्टि हुई। इसके बाद तुरंत कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कालाबाजारी कब से और किस स्तर पर की जा रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

# रोजेदारों ने जुमे की अलविदा की नमाज की अदा

**मथुरा।** शहर में रमजान के पाक महीने के अंतिम शुक्रवार को अकीदत और शांति के साथ 'अलविदा जुमे की नमाज' अदा की गई। ईदगाह मस्जिद सहित शहर की प्रमुख मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी, जहाँ रोजेदारों ने मुल्क में अमन–चैन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़ी चौकसी बरती। जुआ अलविदा की नमाज के लिए शुक्रवार की सुबह से ही पुलिस बल तैनात किया गया था। शाही जामा मस्जिद पर पीएसी के साथ ही पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। चौक बाजार मस्जिद में दोपहर को नमाजियों की संख्या ज्यादा होने के कारण पूरी मस्जिद भर गई। रोजेदारों ने सीढिघ्यों पर बैठकर भी नमाज अदा की। जगह कम पड़ने पर चौक बाजार में नमाज अदा करने के लिए नमाजी पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया।

# संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 का चैंपियन बना विधयांचल हाउस

**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय के तीन दिवसीय स्पोर्स्ट्स फिएस्टा 2026 की चौंपियनशिप ट्राफी पर विध्यांचल हाउस ने कब्जा किया। विध्यांचल हाउस के खिलाड़ियों ने कुल 17 स्वर्ण पदक जीते। वहीं रनर अप ट्राफी शिवालिक हाउस ने जीती। शिवालिक हाउस के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण पदक जीते। इस पुरुस्कार वितरण समारोह के विशिष्ठ अतिथि एशियन गेम्स में शूटिंग में रजत पदक जीतने वाले शार्दुल विहान विशेष आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों को लगातार प्रयास करते रहने का मूल मंत्र दिया।शार्दूल विहान ने अपनी सफलता की कहानी बताते हुए कहा कि वे असफलता के आगे झुके नहीं और लगातार प्रयास करते रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के दौरान हुए खेलों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आप लगातार प्रयास करते रहेंगे तो एक दिन अपने खेल में देश का प्रतिनिधित्व भी कर पाएंगे। इस मौके पर उनके माता,पिता और परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी माहौल को और गरिमामय बना दिया। शार्दूल विहान को संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि संस्कृति विवि में हर विद्यार्थी को अपनी खेल क्षमता को प्रदर्शित करने का मौका साल में एक बार आता है। इस स्पोर्ट्स फिएस्टा में खेलों में रुचि रखने वाले हर विद्यार्थी को भाग लेना चाहिए। जिन बच्चों ने इस बार खेलों में भाग लिया वे भले ही हारे या जीते सभी बधाई के पात्र हैं। हारना बुरा नहीं, हार कर प्रयास छोड़ देना गलत है। लगातार प्रयास करते रहें तो एक दिन जीत हासिल हो ही जाती है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपना जज्बा हमेशा कायम रखिए, यही आपको जीत दिलाता है। समारोह के दौरान स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के आयोजन से जुड़े हुए आर्गेनाइजर डा. फहीम अख्तर, विवेक श्रीवास्तव, डा. दुर्गेश वाधवा, मयंक यादव, पंकज सारस्वत, कृष्ण राज सिंह, डा. गरिमा गोस्वामी, राहुल, राज. कुमार, स्टूडेंट स्पोर्ट्स क्लब के प्रेसीडेंट प्रतीक चौधरी बीबीए, वाइस प्रेसीडेंट तुषार, सचिव जाह्नवी मिश्रा, अदिति गोएनका को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरुस्कार वितरण समारोह का संचालन संस्कृति होटल मैनेजमेंट की असिस्टेंट प्रो. शुभांगी सक्सैना ने किया। ऑफ लाइन फिल्म का प्रमोशनस्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के पुरुस्कार वितरण समारोह के दौरान हुआ 'ऑफ लाइन' फिल्म के प्रमोशनल कार्यक्रम ने समारोह में चार चांद लगा दिए। मंच पर आई आफ लाइन फिल्म की टीम में प्रोड्यूसर मजहर खान, क्राइम पेट्रोल के ख्यातिप्राप्त कलाकार गुलशन पांडे, मुख्य कलाकार जावेद अली खान, अभिनेत्री तनु राना ने अपने ठुमकों से विद्यार्थियों में जोश भर दिया। कलाकार गुलशन पांडे ने कहा कि खेल जिंदगी जीना सिखाते हैं। उन्होंने बताया कि ज्वलंत समस्या पर आधारित यह फिल्म बहुत ही रोचक और सबक देने वाली है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म राजस्थान की पृष्ठभूम पर बनाई गई उन महिलाओं, युवतियों को सचेत करती है कि कभी भी किसी टैक्सी में बिना आनलाइन बुकिंग कराए न बैठें। भारत में अनेक घटनाएं ऐसी टैक्सियों में महिलाओं के साथ हो चुकी हैं, जिन्हें राह चलते सीधे बुक किया गया। फिल्म के मुख्य कलाकार जावेद और अभिनेत्री तनु राना ने विद्यार्थियों की मांग पर गानों पर जमकर नृत्य किया। इन सभी कलाकारों को विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी, प्रति कुलपति प्रो. रघुराम आदि रहे।

# डुवासु, मथुरा में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया

**मथुरा।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर द स्पैरो क्लब दृ डुवासु मथुरा द्वारा एक विचारपूर्ण एवं प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पक्षी संरक्षण और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित किया गया। यह पहल जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संचालित थी, जो उनकी पारिस्थितिक जागरूकता और सकारात्मक कार्यभावना को दर्शाती है।

द स्पैरो क्लब एक नवीन छात्र–नेतृत्व पहल है, जिसकी स्थापना मात्र तीन माह पूर्व एक स्पष्ट और सार्थक उद्देश्य के साथ की गई थी। इस विचार की शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई, जब माननीय कुलपति डॉ. अभिजित मित्र एवं उस समय के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. पी. पांडेय ने विद्यार्थियों को परिसर की जैव विविधता में मौजूद कमियों को दूर करने हेतु एक केंद्रित संरक्षण पहल शुरू करने के लिए प्रेरित किया। यद्यपि डुवासु परिसर विविध जैव विविधता से समृद्ध हैकृजहाँ अनेक प्रकार के वृक्ष, पक्षी एवं स्तनधारी पाए जाते हैं, और मोर, बब्बलर, इंडियन रोलर तथा ग्रे हॉर्नबिल जैसे पक्षी नियमित रूप से देखे जाते हैंकृ फिर भी गौरैया की स्पष्ट अनुपस्थिति ने विद्यार्थियों को चिंतित किया। इसी प्रेरणा से विद्यार्थियों ने गौरैया की पुनर्स्थापना और संरक्षण के उद्देश्य से स्पैरो क्लब का गठन किया। प्रभागीय वन कार्यालय, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (ठछभ्ै) तथा पक्षी संरक्षण में सक्रिय अन्य संस्थाओं से व्यापक परामर्श के पश्चात क्लब ने विश्व गौरैया दिवस को जागरूकता एवं क्रियात्मक पहल के रूप में मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम से पूर्व के सप्ताहों में विद्यार्थियों ने परिसर में अनेक नेस्ट बॉक्स, फीडर एवं जल पात्र स्थापित किए, ताकि गौरैया के लिए अनुकूल आवास तैयार किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति डॉ. अभिजित मित्र की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि शैलजाकांत मिश्र, उपाध्यक्ष, ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने अपने संबोधन में कहा कि गौरैया संरक्षण समाज की साझा जिम्मेदारी है और इसके लिए सक्रिय जनभागीदारी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि वेंकट श्रीकर पटेल, प्रभागीय वन संरक्षक, मथुरा ने वन विभाग द्वारा पक्षी संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला तथा जैव विविधता संरक्षण को सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में फलदार वृक्षों के रोपण पर विशेष बल दिया जाएगा, जो गौरैया सहित अन्य पक्षियों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ–साथ प्राकृतिक बीज प्रसार में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गौरैया संरक्षण के महत्व तथा जैव विविधता संरक्षण में समुदाय की भूमिका जैसे विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। विश्वविद्यालय के "चिरैया दृ द स्पैरो क्लब" द्वारा निर्मित एक लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया।


जीवन 24 हॉस्पिटल
सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान
आयुष्मान भारत
बीमार नहीं रहा लाचार हो रहा मुफ्त उपचार
5 लाख तक का मुफ्त इलाज
Dr. Rais Ahmad
Managing Director
सुविधाऐं
• 24 घंटे इमरजेंसी सेवा • आइसोलेशन वार्ड • एक्सीडेन्टल एवं ट्रामा सेन्टर • आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • वेन्टिलेटर
• नॉर्मल एवं ऑपरेशनद्वारा डिलीवरी • अल्ट्रासाउण्ड • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • 24 घंटे डायलिसिस • डीलक्स रूम • जनरल वार्ड
• ए.बी.जी. टेस्ट • सभी प्रकार की सर्जरी • हार्ट की जांच • सी.टी. स्कैन • डिजिटल एक्स–रे • 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा
आयुष्मान योजना अन्तर्गत उपलब्ध सुविधाऐं
• जनरल मेडिसिन विभाग • यूरोलॉजी रोग विभाग (गुर्दे) विभाग
• जनरल सर्जरी विभाग • स्त्री रोग विभाग
• बाल रोग विभाग (N.I.C.U) • ऑर्थोपेडिक सर्जरी (हड्डी का ऑपरेशन) विभाग
डॉ. मौ. अतिफ खान
डॉ. आदित्य वार्ष्णेय MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery)
डॉ. विपिन राज भारती MBBS, MD (General Medicine)
डॉ. विभोर अग्रवाल MBBS, MS (General Surgery)
डॉ. विकास कुमार MBBS, MS (Orthopaedic Surgery)
डॉ. सुमित कुमार MBBS, MD (Pediatrics)
डॉ. सोनाली स्वेलीना दास MBBS, MS (Obst. & Gynae)
डॉ. मुजाहिद अली MBBS, MS M.Ch (Urology)
डॉ. निरंजन रेड्डी MBBS, MD (Anesthesiology)
डॉ. सचिन देव MDS, BDS (Oral and Maxillofacial Surgery)
चौधरपुर दिल्ली रोड, जिला अमरोहा
0591-2481786, 9520087500, 9997892600


समस्त क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
हाजी मुमताज अली
उर्फ हाजी भुट्टो
पूर्व ब्लॉक प्रमुख-गजरौला (अमरोहा)


समाजवादी पार्टी
सभी क्षेत्र वासियों को
हाजी परवेज़ अली
पूर्व MLC मुरादाबाद
हाजी महबूब अली
विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री
चेयरमैन लोकलेखा समिति उ.प्र.
ईद-उल-फितर की
पुरखुलूस मुबारकबाद
वार्ड नं. 25 से
समाजवादी पार्टी के
ज़िला पंचायत सदस्य
पद के प्रत्याशी
आफताब आलम
Mob. 9927614183, (पूर्व ग्राम प्रधान)
निवास : ढकिया चमन (अमरोहा)


ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर सभी
क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
इसरार अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान धनौरा उर्फ मुरादनगर
भावी प्रत्याशी ग्राम पंचायत धनौरा उर्फ मुरादनगर


सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की पुरखुलूस मुबारकबाद
SIGMA IMAGING CENTRE
सिगमा इमेजिंग सेन्टर
अल्ट्रासाउंड सेन्टर एवं डिजिटल एक्स-रे
On Sunday | 11th Jan. 2026 | 2:00 pm.
डॉ. मूनिस आदिल
एम.बी.बी.एस (ए.एम.यू)
एम.डी. - रेडियोडायग्नोसिस
रेडियोलोजिस्ट
सुविधायें
• 3D, 4D, 5D अल्ट्रासाउंड • सोनोइलास्टोग्राफी
• कलर डॉपलर • डिजिटल एक्स-रे
• लीवर फाइब्रोस्केन
पता - बिजनौर रोड, निकट निशा पैलेस, अमरोहा
Call For Appointment - 7819000512, 7248600512


इंतखाब डीलर
अली अहमद
ईद-उल-फितर
के मौके पर सम्मानित क्षेत्रवासियों
व अधिकारियों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
अली अहमद
भावी प्रत्याशी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत
धनौरा उर्फ मुरादनगर, चुबका, नगलिया ब्लाक जोया


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर की
की दिली मुबारकबाद
अंसार मलिक, (सभासद) विधानसभा अध्यक्ष सपा